दैनिक
बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 14 | अंक : 301 जयपुर | गुरूवार, 05 सितम्बर, 2024 | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष द्वितीया संवत्-2081 भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मंत्रिमण्डल की बैठक

पुलिस फोर्स में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण की मंजूरी

कार्मिक परिवारजन की सामाजिक सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण निर्णय, पीपीओ में भी जुड़ सकेंगे विशेष योग्य बच्चों के नाम– 3,150 मेगावॉट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजनाएं होंगी स्थापित

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित मंत्रिमण्डल की बैठक में महिला सशक्तीकरण, विशेष योग्यजन एवं वृद्धजन कल्याण और प्रदेश के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण फैसले किए गए। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेम चन्द बैरवा तथा विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मंत्रिमण्डल द्वारा लिए गए निर्णयों की जानकारी दी।

अब विशेष योग्य बच्चे भी पीपीओ में जुड़ने के लिए पात्र

डॉ. बैरवा ने बताया कि मंत्रिमण्डल ने राज्य सरकार के कार्मिकों के हित में एक और महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब राज्य सरकार के कार्मिकों की सेवानिवृत्ति पर अन्य पात्र सदस्य के नहीं होने पर स्थायी रूप से विशेष योग्य बच्चों, आश्रित माता-पिता और विशेष योग्य भाई-बहनों का नाम भी पेंशन पेमेंट ऑर्डर (पीपीओ) में जोड़ा जा सकेगा। इसके लिए केन्द्र सरकार के पेंशन नियमों के अनुरूप ही राजस्थान सिविल सेवा पेंशन नियम, 1996 के नियम 67 एवं 87 में संशोधन किए जाने की मंजूरी प्रदान की गई है।

पेंशनर्स को मिलेगा 5 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधानसभा में राजस्थान विनियोग एवं वित्त विधेयक पर चर्चा के दौरान पेंशनर्स को राहत देते हुए 70 से 75 वर्ष के पेंशनर एवं पारिवारिक पेंशनर के लिए 5 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता दिए जाने की घोषणा की थी। इस क्रम में राजस्थान सिविल सेवा पेंशन नियम, 1996 के नियम 54बी को प्रतिस्थापित किए जाने की मंजूरी भी आज कैबिनेट में प्रदान की गई।

जैसलमेर के रामगढ़ में लगेगी 3000 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना

विधि एवं न्याय मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि राज्य सरकार बिजली उत्पादन बढ़ा कर प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। इसी दिशा में बुधवार को कैबिनेट की बैठक में 3 हजार 150 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए भूमि आवंटन की स्वीकृतियां प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि क्रिस्टेलाइन टेक्नोलॉजी विद ट्रैकर पर आधारित 3000 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना जैसलमेर जिले की उपनिवेशन तहसील रामगढ़ नं.-1 में लगाई जाएगी। राजस्थान भू-राजस्व (नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर आधारित शक्ति संयंत्र स्थापित करने के लिए भूमि आवंटन) नियम, 2007 के अंतर्गत कुल 6877 .66 हैक्टेयर भूमि इस प्रोजेक्ट के लिए आवंटित की जाएगी। इसके अतिरिक्त 150 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना के लिए जैसलमेर जिले की फतेहगढ़ तहसील में 300 हैक्टेयर भूमि आवंटन के प्रस्ताव का भी अनुमोदन किया गया है।

उत्कृष्ट खिलाड़ियों की नियुक्ति संबंधी अधिसूचना में दो और सेवाएं शामिल

श्री पटेल ने बताया कि उत्कृष्ट खिलाड़ियों को राज्य के अधीन सेवाओं में नियुक्तियों में 2 प्रतिशत आरक्षण के प्रावधान के संबंध में खिलाड़ियों की परिभाषा को सुस्पष्ट करने के लिए दिनांक 21 नवम्बर, 2019 को अधिसूचना जारी की गई थी। उत्कृष्ट खिलाड़ियों के संबंध में इस स्पष्टीकरण को प्रतिस्थापित किए जाने के समय यह प्रावधान दो सेवा नियमों राजस्थान लैंग्वेज एण्ड लाइब्रेरी (स्टेट एण्ड सबॉर्डिनेट) सर्विस रूल्स, 2013 एवं राजस्थान एक्साइज लैबोरेटरी (स्टेट एण्ड सबॉर्डिनेट) सर्विस रूल्स, 2015'' में सम्मिलित किए जाने से रह गए थे। उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट खिलाड़ियों संबंधी स्पष्टीकरण को इन सेवा नियमों में शामिल करने के लिए नियमों में संशोधन के प्रारूप का आज मंत्रिमंडल की बैठक में अनुमोदन किया गया।

जम्मू-कश्मीर में एक राजा बैठा है, नाम एलजी राज्य को यूटी बनाकर लोगों का हक छीना : राहुल गांधी

बढ़ता राजस्थान

श्रीनगर (एजेंसी)। राहुल गांधी ने बुधवार (4 सितंबर) को जम्मू-कश्मीर के रामबन और अनंतनाग में चुनावी रैली की। राहुल ने कहा- जम्मू-कश्मीर से स्टेटहुड छीना गया, हम इसे वापस देंगे। यहां राजा का शासन है। यहां के राजा एलजी हैं। पहले केंद्र शासित प्रदेश को राज्य बनाते थे। मोदी जी राज्यों को केंद्र शासित प्रदेश बना रहे हैं। राहुल ने पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह समेत अंबानी-अडाणी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा- पीएम मोदी पहले छाती फैलाकर चलते थे। अब वे कंधे झुकाकर आते हैं। इस बार संसद में सिर पर संविधान रखकर घुसे। कश्मीर में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने गठबंधन किया है। 90 सीटों में से 51 पर एनसी और 32 सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी।

5 सीटों पर फ्रेंडली फाइट होगी। 2 सीटें सीपीआई (एम) और पेंथर्स पार्टी को मिली हैं। जम्मू-कश्मीर चुनाव 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को 3 फेज में होने वाले हैं। कांग्रेस ने 40 स्टार प्रचारकों का नाम तय किया है। इनमें मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया और प्रियंका का नाम भी शामिल है।

स्टेटहुड की वापसी का वादा: राहुल ने कहा 1947 के बाद से पहली बार एक स्टेट से उनका अधिकार छीना गया है। सिर्फ कांग्रेस पार्टी और नेशनल कॉन्फ्रेंस की नहीं, हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि जम्मू-कश्मीर को स्टेटहुड दिया जाए। भाजपा-संघ कुछ भी कह ले, हम जम्मू-कश्मीर के लोगों को उनका स्टेटहुड वापस देने जा रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर में भी कर्जमाफी होगी : देश में 22 से 25 अरबपति हैं। मोदीजी ने इनका 16 लाख करोड़ का कर्जा माफ किया है। लेकिन किसानों या स्टूडेंट्स का एक रुपया माफ नहीं हुआ। देश सिर्फ दो-तीन लोगों के लिए नहीं चलता है। सरकार बनने पर कर्जमाफी को हम जम्मू-कश्मीर में भी लागू करेंगे।

कंगना की 'इमरजेंसी' की रिलीज टली

बॉम्बे हाईकोर्ट का निर्देश-18 तक ऑब्जेक्शन क्लीयर हो

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली(एजेंसी)। कंगना स्टारर फिल्म 'इमरजेंसी' के मेकर्स जी-स्टूडियोज ने फिल्म की रिलीज और सेंसर सर्टिफिकेट की मांग करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस याचिका पर बुधवार 4 सितंबर को जस्टिस बी.पी. कोलाबावाला और फिरदौस पूनीवाला की बेंच में सुनवाई हुई।बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा कि वह सीबीएफसी को प्रमाणपत्र जारी करने का निर्देश देने में असमर्थ है, क्योंकि यह एमपी हाईकोर्ट के आदेश का खंडन होगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि वो इतनी जल्दी इस मामले में आदेश पारित नहीं कर सकता। 18 सितंबर तक इस मामले में निर्णय लिया जाएगा और 19 सितंबर को इस मामले में अगली सुनवाई होगी। ऐसे में अब कंगना की फिल्म 'इमरजेंसी' 6 सितंबर को रिलीज नहीं हो पाएगी।

हरियाणा चुनाव : बीजेपी ने जारी की 67 उम्मीदवारों की पहली लिस्ट

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। बीजेपी ने बुधवार को हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। इसमें 67 नामों का ऐलान किया गया है। राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को लाडवा से उम्मीदवार बनाया गया है, जबकि अनिल विज को अंबाला सीट से कैंडिडेट बनाया गया है। अरविंद शर्मा को गुहाना सीट से टिकट मिला है। इस लिस्ट की खास बात ये है कि इसमें जेजेपी के तीन पूर्व विधायकों को भी टिकट दिया गया है। देवेंद्र बबली को टोहाना,रामकुमार गौतम को सफीदों और उकलाना से अनूप धानक को टिकट मिला है।

मौजूदा 9 विधायकों का टिकट कटा, दो विधायकों की सीट बदली : पहली सूची के अनुसार, बीजेपी ने मौजूदा 9 विधायकों का

टिकट काट दिया है। पलवल से दीपक मंगला, फरीदाबाद से नरेंद्र गुप्ता, गुरुग्राम से सुधीर सिंगला , बवानी खेड़ा से विशंभर वाल्मीकि, रनिया से कैबिनेट मंत्री रणजीत चौटाला ,अटेली से सीताराम यादव, पेहवा से पूर्व मंत्री संदीप सिंह , सोहना से राज्य मंत्री संजय सिंह

लाडवा सीट से लड़ेंगे सीएम सैनी

तो वहीं रतिया से लक्ष्मण नापा की टिकट काट दिया गया है। लोकसभा चुनाव में रोहतक सीट से चुनाव लड़ चुके अरविंद शर्मा को गोहाना से उम्मीदवार बनाया गया है। जबकि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी करनाल से नहीं बल्कि लाडवा से चुनाव लड़ेंगे जो कुरुक्षेत्र लोकसभा में आती है। वहीं, भाजपा ने करनाल से जगमोहन आनंद को प्रत्याशी बनाया है। उधर, बवानीखेड़ा से मौजूदा विधायक और राज्य मंत्री रहे बिशम्बर वाल्मीकि का टिकट कट गया है।तोशाम से श्रुति चौधरी को टिकट मिला है। अटेली से आरती राव को टिकट मिला है जो राव इंद्रजीत की बेटी हैं।

जोधपुर में गरजे अमेरिका-ऑस्ट्रेलिया के फाइटर जेट

सूर्यकिरण के 9 हॉक्स ने धुएं से बनाया तिरंगा

जोधपुर। भारतीय वायुसेना का सबसे बड़े अभ्यास तरंग-शक्ति की एयर एक्सरसाइज जोधपुर में की जा रही है। भारत सहित 8 देशों की वायुसेना के जवान एयर-टू-एयर और एयर-टू-ग्राउंड एक्सरसाइज कर रहे हैं। इस एयर एक्सरसाइज में यूएसए के ए10 ने भारत के सुखोई 30 एमकेआई के साथ उड़ान भरी। वहीं ऑस्ट्रेलियन एयर फोर्स के ईए18 के साथ तेजस ने एयर एक्सरसाइज की।

हवा के साथ ही ग्राउंड लेवल पर भी एक्सरसाइज जारी है। ये एक्सरसाइज 30 अगस्त से 14 सितंबर तक चलेगी। 7 सितंबर को ओपन डे रखा गया है।

राजस्थान में भारी बारिश, रेलवे ट्रैक बहा, नेशनल हाईवे बंद

ट्रेनें कैंसिल, जोधपुर-उदयपुर में हालात बिगड़े, 5 बड़े डैम के गेट खोले

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। राजस्थान के एक बार फिर तेज बारिश का दौर शुरू हो गया है। जोधपुर, उदयपुर में बीते दो दिन से हो रही भारी बारिश से हालात बिगड़ने लगे हैं। जोधपुर में भारी बारिश से चामुंडा नदी उफान पर है। जोधपुर-जैसलमेर रेलवे लाइन के नीचे से मिट्टी बहने के कारण ट्रैक को भी नुकसान हुआ है। बुधवार सुबह से यहां दो ट्रेनें कैंसिल हुई हैं और एक ट्रेन को रास्ते में रोका गया है। वहीं, जोधपुर शहर में भी नदियों की तरह पानी बह रहा है। इधर, उदयपुर-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर भी बुधवार सुबह 7 बजे लंबा जाम लग गया। जगह-जगह पानी भरने से वाहनों की कई किलोमीटर लंबी लाइन लग गई। दोपहर करीब सवा 1 बजे जाम खुला। तीन दिन से हो रही लगातार बरसात के कारण बांसवाड़ा, डूंगरपुर, धौलपुर, चित्तौड़गढ़ और उदयपुर में बड़े डैम के गेट खोले गए हैं। पाली के सोजत में सुकड़ी नदी में अचानक पानी का बहाव बढ़ने के कारण बाइक सवार बुआ-भतीजा रपट पर बह गए। पास में श्मशान में दाह संस्कार के लिए आए लोगों ने तौलियों की रस्सी बनाकर 20 मिनट की मशक्कत के बाद दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

बनास नदी में बहे 2 पैदल यात्री, महिला को बचाया

सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा तहसील क्षेत्र में बुधवार को बनास नदी में एक महिला और पुरुष बह गए। त्रिनेत्र गणेश जा रहे पैदल यात्रियों के जत्थे में से 2 पैदल यात्री डिडायच गांव में बनास नदी की रपट पार करते समय बह गए। महिला को अन्य लोगों ने बचा लिया। लोगों ने बताया कि सांगानेर तहसील के कुछ गांवों से करीब 80 यात्री पैदल यात्रा के रूप में त्रिनेत्र गणेश जी मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे थे। सुबह 8 बजे रपट पार करने के दौरान एक महिला ग्यारसी देवी का पैर फिसला और वह पानी में गिर गई। महिला को बचाने के कोशिश में गोविंद राम (70) पुत्र राधेश्याम निवासी तेजावाला, सांगानेर (जयपुर) बह गया।

Tariq : 9509674415
Mahi Car Decor
• Seat Covers • Floor Mats
• Android Players • Speakers
• Center Locking • Power Windows
• Perfumes • Ambience Light
Manufacturer of Car Seat Covers

Chacha Complex, Jalupura Link Road, M.I.Road, Jaipur

एनएचएम की चतुर्थ रीजनल कॉन्फ्रेंस, दस राज्यों के प्रतिभागियों ने किया स्वास्थ्य सेवाओं पर मंथन

आयुष्मान आरोग्य मंदिर होंगे जनस्वास्थ्य की प्रमुख धुरी : एसीएस,चिकित्सा

आगामी 2 वर्ष में 1 लाख 73 हजार आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को उन्नत करने का लक्ष्य : अतिरिक्त सचिव, स्वास्थ्य

बढ़ता राजस्थान

जयपुर, (का.स.)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आयुष्मान भारत के संकल्प को साकार करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम किया जा रहा है।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर इस दिशा में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि गांव-ढाणी तक प्राथमिक स्तर की स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करने में आयुष्मान आरोग्य मंदिर जनस्वास्थ्य की प्रमुख धुरी के रूप में काम करेंगे। श्रीमती सिंह बुधवार को जोधपुर में आयोजित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की चतुर्थ रीजनल कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रही थीं। सात राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के लिए इस कांफ्रेंस की मेजबानी एनएचएम राजस्थान कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह कॉन्फ्रेंस आयुष्मान आरोग्य मंदिर तक कॉम्प्रीहेंसिव प्राइमरी हेल्थ केयर, क्वालिटी एण्ड पेशेंट सेफ्टी, इण्डियन पब्लिक हैल्थ स्टैण्डर्ड, कम्यूनिटी प्रोसेसेज, मानव संसाधन, नि:शुल्क दवा आपूर्ति एवं स्वास्थ्य के आधारभूत ढांचे का सुदृढ़ीकरण और उन्नयन करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि राजस्थान में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कदम उठा रही है। इस वित्तीय वर्ष में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 8.26 प्रतिशत बजट आवंटन किया गया है, जो अब तक का सर्वाधिक है। उन्होंने कहा कि एनएचएम स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा एक महत्वाकांक्षी फ्लैगशिप कार्यकम है। और इससे देशभर में निचले स्तर तक चिकित्सा तंत्र मजबूत हो रहा है।

उन्होंने कहा कि आईएचएमएस एवं आभा आईडी जैसे तकनीकी कार्यक्रम स्वास्थ्य के क्षेत्र में गेम चेंजर साबित होंगे। श्रीमती सिंह ने एनएचएम की शुरूआत के समय के अपने अनुभवों को भी साझा किया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव एवं मिशन निदेशक एनएचएम आराधना पटनायक ने कहा कि आगामी दो वर्षों में देशभर में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए 1 लाख 73 हजार से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को क्रियाशील किया जाएगा।

यहां 12 प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। इसके लिए सीएचओ एवं अन्य स्वास्थ्य कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। साथ ही, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हैल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत गांव-ढाणी तक चिकित्सा के आधारभूत ढांचे को चरणबद्ध रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। मिशन निदेशक, एनएचएम राजस्थान डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने स्वागत उद्बोधन दिया। और इस अवसर पर भारत सरकार के संयुक्त सचिव नीति श्री सौरभ जैन, कार्यकारी निदेशक एनएचएसआरसी श्री अतुल कोटवाल, लक्षद्वीप के स्वास्थ्य सचिव श्री अवनीश कुमार सहित गोवा, झारखण्ड, कर्नाटक, लक्षद्वीप, राजस्थान, दादर नागर हवेली, दमन, उड़ीसा, पुदुचैरी एवं दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं विषय विशेषज्ञ उपस्थित थे।

पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल

आधुनिक तकनीक से बने कॉटन निर्मित सेनेटरी पैड पाकर किशोरियों के खिले चेहरे

काम में लेने से पहले एवम काम में लेने के बाद साबुन से धोएं हाथ : रमा शर्मा

बढ़ता राजस्थान

चाकसू (नि.स.)। भावी निर्माण सोसाइटी एवं रेणुकिरण वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वधान में बी एन एस संस्था द्वारा संचालित निखार साल सेंटर पर किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं को आधुनिक तकनीक से बने कॉटन से निर्मित सेनेटरी पैड निःशुल्क वितरण किए गए। महावारी प्रबंधन प्रशिक्षक राम शर्मा ने बताया कि यह सेनेटरी पैड पूर्ण रूप से कॉटन के द्वारा बना हुआ है इस सैनिटरी पैड की सबसे बड़ी खास बात यह है की एक सेनेटरी पैड पैकेट 2 साल तक महिला काम में ले सकती है। बार-बार खरीदने एवम यूज के बाद फेंकने के झंझट से भी महिलाओं को निजात मिलेगी। इसे उपयोग में लेने के बाद सादा नॉर्मल पानी में डाल करके 1 घंटे छोड़ देना है उसके बाद में साफ पानी से धो लेना है।

एक दूसरे से आपस में साझा नही करना है। छाया में सुखना होगा। ब्रश से रगड़ना नहीं है। काम में लेने से पहले एवम काम में लेने के बाद साबुन से धोएं हाथ। इसके अलावा जैसे अन्य सैनिटरी पैड को यूज करते हैं उसी तरीके से इसे भी यूज किया जा सकता है। इसको अगर 2 साल बाद में कहीं कचरे में डाला जाता है तो वह मिट्टी में गल के नष्ट हो जाता है। पर्यावरण को भी दूषित नहीं करता है। बीमारियों को बढ़ावा नहीं देता है। यूं कहा जा सकता है कि पर्यावरण भी प्रदूषित होने से बचता है। कचरा प्रबंधन को लेकर भी महिलाओं को जागरूक किया गया। संस्था सचिव गिरिराज प्रसाद शर्मा ने बताया की ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओ एवम किशोरियों को कचराप्रबंधन जागरूकता अभियान के तहत कलंदर बस्ती चाकसू,कृषि मंडी के पास न्यू कॉलोनी चाकसू,सरपंच की ढाणी खिड़गी,ललवाड़ी निवाई टोंक की लगभग 113 बालिकाओं एवम महिलाओ को निशुल्क वितरण किया गया।

सड़क पर लावारिस मिली बच्ची को परिवार से मिलाया

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली (नि.स.)। कस्बे के मुख्य चौराहे पर कलेक्टर कार्यालय के सामने स्थित फ्लाईओवर के नीचे देर रात करीब 2 बजे लगभग एक साल की मासूम बालिका रोती हुई अवस्था में मिली। रात के इस समय समाचार पत्र वितरक लक्की धानका जो पावटा से एक कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहा था,ने बच्ची को अकेला रोते हुए देखा। आसपास तलाशने पर भी बच्ची के परिजन का कोई पता नहीं चला। लक्की धानका ने तुरंत पुलिस को सूचित किया। मौके पर हेड कांस्टेबल मुरलीधर मय टीम तुरंत पहुंचे और जानकारी दी कि उन्हें पहले शाम को एक शराबी व्यक्ति के अचेत अवस्था में होने की सूचना मिली थी जिसे राजकीय बीडीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को संदेह है कि यह बालिका उसी व्यक्ति के साथ हो सकती है। उस समय फ्लाईओवर के नीचे भीड़ होने के कारण पुलिस का ध्यान बच्ची पर नहीं गया था क्योंकि वहां कई यात्री महिलाएं अपने बच्चों के साथ बैठी हुई थीं। पुलिस ने अचेत व्यक्ति के अस्पताल में होशआने तक बालिका को समाचारपत्र हॉकर के पास ही रखने को कहा। सुबह होश में आने पर अज्ञात व्यक्ति की पहचान रामनिवास पुत्र बनवारी उम्र 27, जिला लखीमपुर खीरी हाल निवासी- लाल कोठी, केशवाना इंडस्ट्रियल एरिया के रूप में हुई। पुलिस ने परिवार को सूचना देकर बच्ची को मां नन्नी देवी को सुपुर्द किया। बच्ची की मां ने पुलिस को बताया कि बच्ची 8 महिने की है।पति शराब का आदी है बिना बताए बच्ची को लेकर आ गया था। परिवार रात भर बच्ची को ढूंढ रहा था। मां ने पुलिस व लक्की धानका का बच्ची को सुरक्षित उस तक पहुंचने के लिए शुक्रिया अदा किया।

पुलिस कांस्टेबल पांच हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जयपुर नगर-चतुर्थ टीम ने कार्रवाई करते हुए जयपुर पुलिस कमिश्नरेट में स्थित मुहाना थाने में तैनात पुलिस कांस्टेबल वीपी सिंह को परिवादी से पांच हजार रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ.रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की जयपुर नगर-चतुर्थ टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि उसके विरूद्ध दर्ज परिवाद में समझौता कराने एवं उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं करने की एवज में मुहाना थाने में तैनात पुलिस कांस्टेबल वीपी सिंह पांच हजार रुपये की रिश्वत की मांग कर रहा है।

जयपुर के श्रद्धालुओं ने चित्रकूट में जगतगुरु रामभद्राचार्य जी महाराज के किये दर्शन

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। जयपुर के श्रद्धालुओं द्वारा जगतगुरू संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री रामभद्राचार्य जी के समक्ष उपस्थित होकर दर्शन लाभ प्राप्त किया तथा रामघाट, हनुमान धारा, सती अनसूया, गुप्त गोदावरी इत्यादि धार्मिक स्थलों पर श्रद्धापूर्वक ढोक लगायी। तत्पश्चात् सभी श्रद्धालु वृंदावन निवासी संत शिरोमणि श्री श्री 1008 श्री रामजी बाबा कोकिल जी महाराज के श्रीमुख से आयोजित होने वाली श्रीराम कथा की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से क्रियान्विति हेतु अयोध्या धाम के लिए श्री आर के अग्रवाल के नेतृत्व में रामावतार माहेश्वरी, द्वारका प्रसाद अग्रवाल, बनवारी लाल विजय, अरुण आहूजा, जे एन मीना, डी एन शर्मा, श्याम सिंह चाहर, श्रीमती पुष्पा अग्रवाल, गायत्री माहेश्वरी, विमला अग्रवाल, कमला अग्रवाल, पुष्पा विजय, संतोष कंवर शेखावत, अनिता आहूजा, जानकी मीना, राम देवी, राजेश्वरी चाहर, अवन्तिका माथुर तथा महेंद्र शर्मा ने प्रस्थान किया।

सुकन्या खाते-खोलने के लिए जयपुर नगर मंडल ने चलाया विशेष अभियान

खाता धारक घर बैठे भी खुलवा सकेंगे अपनी सुकन्याओं के खाते

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। सुकन्या समृद्धि खाता योजना के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय डाक विभाग जयपुर नगर मण्डल की ओर से वित्तीय वर्ष 2024-25 की अवधि को सुकन्या समृद्धि महोत्सव वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

जयपुर नगर मंडल के प्रवर अधीक्षक मोहन सिंह मीणा ने बताया कि बालिकाओं को आर्थिक संबल प्रदान करने के उद्देश्य से हमने जयपुर शहर के सभी डाकघरों में सुकन्या समृद्धि खाता खोलने का विशेष अभियान चला रखा है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत जयपुर शहर में अब तक 90 हजार से ज्यादा खाते हमने खोले हैं।

उन्होंने बताया कि हमने 10 वर्ष तक की प्रत्येक बालिका का सुकन्या खाता खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसमें विभागीय कर्मचारियों, पोस्टमैन साथियों द्वारा प्रत्येक घर, विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में संपर्क किया जा रहा है। साथ ही अभिभावकों को इस योजना में खाते खुलवाने हेतु जागरूक किया जा रहा है। मीणा ने बताया कि इसके लिए विभाग विभिन्न प्रचार माध्यम जैसे पम्पलेट, ऑडियो,वीडियो क्लिप, सोशल मीडिया, बैनर आदि के माध्यम से आम जन को जागरूक करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है, ताकि एक भी कन्या जयपुर में सुकन्या खाता खुलवाने से छूटने भी न पाए। साथ ही उन्होंने बताया कि इसके लिए हम विभिन्न स्थानों पर डाक मेले का भी आयोजन कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त ग्राहक अपने नजदीकी डाकघर से संपर्क कर भी खाता खुलवा सकते हैं।

रामकथा के पोस्टर का विमोचन कर प्रथम पूज्य को दिया रामकथा का निमंत्रण

जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में सात से पन्द्रह नवंबर तक होगी रामकथा

पद्म विभूषण जगद्गुरु रामभद्राचार्य करवाएंगे श्रोताओं को कथा का रसपान, छह नवंबर को निकलेगी शाही लवाजमे के साथ भव्य कलश यात्रा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। श्री बालाजी गौशाला संस्थान सालासर के सानिध्य में और विद्याधर नगर स्टेडियम आयोजन समिति जयपुर के तत्वावधान में विद्याधर नगर स्टेडियम में सात से पन्द्रह नवंबर तक नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। पद्म विभूषण जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज श्रोताओं को राम कथा का रसास्वादन करवाएंगे। विद्याधर नगर स्टेडियम आयोजन समिति के सचिव एडवोकेट अनिल संत ने बताया कि बुधवार को प्रथम पूज्य को आयोजन का निमंत्रण दिया गया। इस अवसर पर समारोह के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर अनिल संत, पंकज ओझा, जितेन्द्र मित्रुका, डॉ. सुनील शर्मा, सुधीर जैन गोधा, गब्बर कटारा, दुर्गालाल माली पुष्पेन्द्र भारद्वाज, सचिन रावत, गोपेश शर्मा, बजरंग शर्मा (नेता), राजेन्द्र कासलीवाल, विवेक पोद्दार, कमल अग्रवाल, गोपाल शर्मा, दीपक गर्ग, टिंकु राठौड़, जितेश पारीक उपस्थित रहे। श्री बालाजी गौशाला संस्थान, सालासर के अध्यक्ष रविशंकर पुजारी ने बताया कि जयपुर पहुंचने पर महाराज का एयरपोर्ट से कथा स्थल तक भव्य स्वागत किया जएगा। पुजारी ने बताया कि एयरपोर्ट से विद्याधर नगर तक के मार्ग में सौ तोरण-द्वार बनाए जाएंगे। मार्ग में महाराज से हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की जाएगी।

शाही लवाजमे के साथ निकलेगी कलश यात्रा : विद्याधर नगर स्टेडियम आयोजन समिति के सचिव एडवोकेट अनिल संत ने बताया कि छह नवंबर को शाही लवाजमे और बेंडबाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलशयात्रा में 51 सौ महिलाएं पारंपरिक परिधान में सिर पर कलश धारण किए चलेंगी। कलश यात्रा क्षेत्र के मुख्य मार्गों से होते हुए कथा स्थल पहुंचेगी । कलश यात्रा का मार्ग में अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा।

कोटपूतली शहर में बिगड़ी सफाई व्यवस्था

पार्षदो ने सफाई व्यवस्था ठीक करने को लेकर आयुक्त को सौपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली(नि.स.)। नगर परिषद प्रशासन की अनदेखी व लापरवाही के चलते शहर में सफाई व्यवस्था गड़बड़ाई हुई है। इन दिनों शहर के अधिकांश वार्डों में सफाई के हालात बद से बदतर हो चले है। जगह जगह कचरे के ढेर लग रहे हैं। मुख्य चौराहे से लेकर मुख्य मार्गों, गलियों एवं आम रास्तों पर चारों ओर गंदगी और कचरे के ढेर दिखाई देते है। बारिश के चलते कचरा गीला होने व इससे उठने वाली दुर्गन्ध से लोगों को परेशानी हो रही है।

बुधवार को भी एक दर्जन वार्ड पार्षदो ने शहर की समस्याओं से अवगत कराने नगर परिषद आयुक्त कार्यालय पहुंचे।जहां पार्षदों ने आयुक्त धर्मपाल जाट से मुलाकात कर उन्हें शहर की बिगड़ी सफाई व्यवस्था के बारे में बताया। पार्षदो ने बताया कि कोटपुतली शहर के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं चारों तरफ सड़कें टूटी पड़ी है,सड़क में गड्ढे हैं गड्ढों में पानी है एवं नालियाँ गंदगी से भरी पड़ी है जगह-जगह लगे कचरे के ढेर से आम नागरिक परेशान है।इस बारे मे जब सफाई ठेकेदारो से बात करते है तो सफाई ठेकेदार पार्षदो की नहीं सुनते वहीं परिषद के जिम्मेदार सफाई इंस्पेक्टर को समस्या से अवगत कराने पर जल्दी व्यवस्था सुधाने की बात कहते है परन्तु कोई कार्रवाई आगे नहीं बढ़ती है और समस्या जस की तस रहती है। इन दिनो वार्डों में घर घर कचरा संग्रहण करने वाले टिपर नहीं पहुंच रहे हैं।अब पार्षदो ने नगरपरिषद आयुक्त को सफाई व्यवस्था ठीक करने को लेकर ज्ञापन सौप कर मुख्य ठेकेदार का टैंडर निरस्त कर,

मुख्य ठेकेदार का टैंडर निरस्त कर,स्थानीय बाल्मीक सामाज को सफाई कार्य देने की मांग रखी

स्थानीय बाल्मीक सामाज को सफाई कार्य देने,सीवर लाईन का कार्य शिध्र पूरा करने जहां कार्य पूरा हो चुका वहां रोड़ बनवाने की मांग करते हुये सोमवार तक सफाई व्यवस्था ठीक कराने को कहा है अन्यथा परिषद कार्यालय पर धरना देने की बात कही।पार्षद मनोज गौड़ ने बताया की शहर में 40 वार्ड है। जिनको सफाई व्यवस्था के लिहाज से 8 जोनो में बांटा गया है। इसके अलावा बानसूर रोड, दिल्ली जयपुर हाईवे की सर्विस लाईन व पुतली रोड को दो जोनों में बांटा गया है। शहर की सफाई व्यवस्था पर पूर्व में 14 से 15 लाख रूपये खर्च होते थे किन्तु नगरपालिका से नगरपरिषद में क्रमौन्त होने के साथ ही सफाई के ठेकों की शर्तें भी बदल गई। नगरपरिषद प्रशासन ने सफाई के टेंडर लेने के लिए मांगे गये आवेदन में ठेकेदार कम्पनी के खाते में 3 करोड के टर्न ओवर की शर्त रख दी। टेडंर की शर्तों के मुताबिक शहर की सफाई का टेण्डर हरियाणा की एक कम्पनी को दिया गया और सफाई व्यवस्था पर होने वाला सलाना खर्च बढ कर करोड़ो में हो गया है। फिर भी शहर की सफाई व्यवस्था बद से बदतर हो रही है। हालात ये है कि आम आदमी तो क्या खुद पार्षदों के घर के सामने कचरे के बड़े बड़े ढेर पड़े हुए हैं। पिछले कुछ दिनो से तो हालात ये हैं कि कचरा बिल्कुल उठना ही बंद हो गया है।कोटपूतली में गन्दगी और कचरे की इस अव्यवस्था के आगे आम आदमी तो क्या खुद नगरपरिषद की सभापति भी लाचार नजर आ रही है।इस मोके पर पार्षद मीनू बंसल,मनोज गौड़,नाहर सिंह पायला, रामकरण सूद,मुखिया पायला, मनोज देवी मीणा,ममता देवी, रामकरण सैनी,मनोज अग्रवाल सहित अनेक पार्षद मौजूद रहे।

भाजपा अधिवक्ता संघर्ष समिति के प्रतिनिधि मिले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड से

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। भाजपा अधिवक्ता संघर्ष समिति के प्रतिनिधिमंडल को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने वार्ता के लिए भाजपा प्रदेश कार्यालय में बुलाया। जहां संघर्ष समिति के प्रतिनिधि से मदन राठौड ने वार्ता की । जहां मदन राठौड ने संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों मंडल से सकारात्मक रूप से वार्ता करते हुए यह आश्वस्त किया कि भाजपा संगठन से जुड़े अधिवक्ताओं को उचित प्रतिनिधित्व देकर आगामी नियुक्तियों में संयोजित कर उचित सम्मान दिया जाएगा।

साथ ही प्रतिनिधि मंडल ने मांग कि गैर विचारधारा के लोगो को हटाया जाए तथा सिविल व क्रिमिनल की सूची में दस /दस पद बढ़ाया जाए। इसके अलावा अतिरिक्त महाधिवक्ता के रिक्त पदों में भी भाजपा अधिवक्ताओं को भी वरीयता दी जाए। इन सभी विषयों पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सकारात्मक आश्वासन दिया। भाजपा अधिवक्ता संघर्ष समिति सभी अधिवक्ता गण संतुष्ट है ।

इस दौरान संरक्षक रक्षपाल कुलदीप, संयोजक राजेंद्र सिंह, राघव सहसंयोजक वीरेंद्र गोदारा, रोहित शर्मा, निधि खंडेलवाल, मलखान चतुर्वेदी, बाबूलाल सैनी, विक्रम बेनीवाल ,महीपत मीणा, राजेंद्र सिंह डगुर,नाथू सिंह चौहान, तेज प्रताप सिंह शेखावत,प्रेम सिंह मीना पूरन चंद वर्मा सदस्य हीरालाल गोठवाल , नीतिका भार्गव ,सुरेश जाजोरिया ,अंकुर सिंह तोमर ,सौरभ पारीख ,अभिमन्यु सिंह भाटी, वीरेंद्र सिंह राठौड़, रश्मि जैन, मानसी राघव, महेंद्र सिंह राठौर, पुष्पेंद्र सिकरवार ,दीपक मीना, शत्रुगन शर्मा, विनय पांडे, सुरेंद्र सिंह शेखावत, मुकुल पारीक, हिम्मत सिंह ,अंशु राठौर, भागचंद बैरवा, अभिषेक शर्मा,सुजाता गजराज,सरोज सिंह जाटव और अन्य सदस्य मौजूद रहे।

27 वर्षो बाद देलवाडा तालाब की चली चादर, हर्ष व्यक्त कर ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

देलवाडा के तालाब भरने के बाद चली चादर पर भाजपा नेता भवंरलाल बुला सहित सैकडों ग्रामीणों ने किया स्वागत।

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर, (विष्णुदत्त धीमान)। ''मानों तो गंगा मैया, ना मानों तो बहता पानी'' वाक्य को देलवाडा देलवाड़ा ग्रामवासियों ने चरितार्थ कर दिया। यह सच है कि आज भी भारत की आत्मा यहां के गांव में ही बसती है, यहां परंपरा भी है, और प्रगति भी। आज गांव देलवाड़ा के तालाब की चादर 27 सालों बाद चली तो इस खुशी में गाजे बाजे के साथ समस्त ग्रामवासियों ने पारंपरिक रीति.रिवाज से चुनरी ओढ़ा कर श्रृंगार किया और परंपरा एवं पुरातन भारतीय संस्कृति का परिचय दिया। इस मौके पर सैंकड़ों की तादाद में ग्रामवासियो ने सुबह मांडावास रोड पर स्थित तालाब की चादर पर पहुंचकर पूजा अर्चना कर चुनरी ओढ़ा कर बहते पानी को गंगा मां का दर्जा मान जय जयकार की। इस दौरान देलवाड़ा आसन से राजू रावल, भाजपा किसान मोर्चा अजमेर देहात जिलाध्यक्ष भंवरलाल बुला, जवाजा प्रधान प्रतिनिधि रामचंद्र जाट, सुरेश धेतरवाल, एरिगेशन अध्यक्ष पूनाराम टाडा, पूर्व सरपंच पप्पू काठात, रंजीत टाडा, छोटू धेतरवाल, रंजीत चौधरी, रमेश जजोशी, उगमसिंह रावत, ओम प्रकाश वैष्णव, सूवालाल डुंडी, रामचंद्र चांगल, रायचंद चागल, राकेश टाडा, सुखपाल चौधरी, कैलाश रावत, मुन्ना काठात, सोहन वार्डपंच, नरेश सैन, कैलाश धार, पन्नालाल दामेर, कैलाश वैष्णव, भगवान चौधरी, महेंद्र रावत, कमल जोशी, आनंदीलाल जोशी, शंकर भाटी, अशोक बोयत, सत्यनारायण बोयत, हरजी भट्ट, ललित भट्ट सहित सैंकड़ों की तादाद में ग्रामवासियों ने ने खुशी इजहार की।

मानसून की मेहरबानी के चलते मंगलवार देर रात को तालाब की चादर 27 वर्षो के बाद चादर चली। इसके चलते आसपास के गांवों के लोगों में खुशी का माहौल नजर आया। चादर चलने की सूचना मिलते देखने के लिए ग्रामीण उमड़ रहे हैं।

व्यसन और वासना के दलदल से निकलकर जीवन में वास्तविकता का रंग उत्पन्न करें : साध्वी संयमलता

बढ़ता राजस्थान

उदयपुर (दिनेश गोठवाल)। सेक्टर 4 श्री संघ में विराजित श्रमण संघीय जैन दिवाकरिया महासाध्वी डॉ श्री संयमलताजी म. सा.,डॉ श्री अमितप्रज्ञाजी म. सा.,श्री कमलप्रज्ञाजी म. सा.,श्री सौरभप्रज्ञाजी म. सा. आदि ठाणा 4 के सानिध्य में पर्वाधिराज पर्व पर्युषण के चतुर्थ दिन युवा शक्ति जागो विषय पर विशेष प्रवचन हुआ। धर्म सभा को संबोधित करते हुए महासती संयमलता ने कहा कि व्यसन और वासना के दलदल से निकलकर जीवन में वास्तविकता का रंग उत्पन्न करें क्योंकि युवक राष्ट्र का मेरुदंड है, वह शक्ति का प्रतीक है। घर, समाज व देश की सभ्यता और संस्कृति की रक्षा का भार युवाओं को ही उठाना होगा। आज का युवक ही नए समाज का निर्माता है। परंतु आज की युवा पीढ़ी भटक चुकी है। होटल और बोतल में फसकर अपने कर्तव्य निर्वाह को भूल चुका है। साध्वी ने आगे कहा कि नशा जीवन की दशा ही नहीं बदलता बल्कि दुर्दशा कर दिया करता है। सिगरेट आयु कम करती है और बीड़ी मौत की सीढ़ी बनाती है। व्यसन और फैशन ने युवा पीढ़ी को अपने शिकंजे में कस लिया है। आंखों पर चश्मा, सौंदर्य प्रसाधन, देर रात तक मोबाइल, इंटरनेट,टीवी पर अश्लील दृश्य देखना, सवेरे सूर्योदय के बाद तक बिस्तरों पर पड़े रहना, दिनचर्या का अव्यवस्थित होना और अभक्ष्य पदार्थों का सेवन करना यह एक तस्वीर है आज के युवक की। हमारी संस्कृति द्राक्ष कि नहीं रुद्राक्ष की संस्कृति है। आज भारत में जिनालय, शिवालय से कहीं अधिक मदिरालय नजर आते हैं। मयखाना से भयखाना वरना मयखाना मरणखाना बन जाएगा। शराब खराब है। मंगलाचरण पश्चात साध्वी सौरभप्रज्ञा ने अंतगढ़ सूत्र के माध्यम से दस राजकुमारों का वृतांत सुनाया। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर राजा सिद्धार्थ रानी त्रिशला एवं 14 स्वपनो की अति ही सुन्दर नाटिका का मंचन हुआ।साध्वी अमितप्रज्ञा ने सुंदर गीतिका प्रस्तुत की। पर्युषण महापर्व के चतुर्थ दिन 54 भाई बहनों ने 4 उपवास के प्रत्याख्यान ग्रहण किए। मध्यान्ह में साध्वी अमितप्रज्ञा ने कल्पसूत्र का वाचन किया। उसके पश्चात धार्मिक अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

तृतीय श्रेणी अध्यापक लेवल 2 के अतिरिक्त विषय के पात्र प्रोविजनल अभ्यर्थियो की नियुक्ति का मामला अटका

बढ़ता राजस्थान

महिला अभ्यर्थी निर्मला सामरिया ने इच्छा मृत्यू की मांग की

ब्यावर, (विष्णुदत्त धीमान)। तृतीय श्रेणी अध्यापक लेवल 2 अतिरिक्त विषय स्नातक उत्तीर्ण पात्र प्रोविजनल अभ्यार्थियों को नियुक्ति प्रदान करने के मामले को लेकर एक महिला अभ्यर्थी निर्मला सामरिया ने राज्य सरकार से इच्छा मृत्यू की मांग की हैं। उन्होंने साफ-साफ तौर से कहा है वर्तमान सरकार अभ्यार्थियों के साथ धोखा व छलावा कर रही हैं। उन्होंने कहा समान योग्यता और समान पद पर एक ही अभ्यर्थी कोर्ट के निर्णय के अधीन नौकरी कर रहा है जबकि दूसरा अभ्यर्थी नौकरी से वंचित कोर्ट के निर्णय व नियुक्ति की पिछले 4 माह से प्रतिक्षा कर रहा हैं। उन्होंने राज्य सरकार पर दोगली व दोहरी नीति अपनाने का आरोप लगाया हैं। ज्ञातव्य है कि स्नातक डिग्रीधारी उत्तीर्ण भाषायी विषयों अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, उर्दु, पंजाबी, सिंधी के पूर्णतया पात्र एवं अन्तिम कटआफ में शामिल प्रोविजनल लगभग 953 अभ्यार्थियों का भविष्य अधर मे लटका हुआ हैं। गत सरकार ने शिक्षा निर्देशालय मे अतिरिक्त विषय में स्नातक किये हुये सभी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने के बजाय प्रोविजनल सुची मे रख दिया, जबकि वर्तमान भाजपा सरकार ने पिछले कार्यकाल मे अध्यापक भर्ती 2016 तथा 2018 में उक्त डिग्रीधारी अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रदान की थी। इस तरह की खामियों को देखते हुये कई अभ्यर्थियों को शिक्षित व उत्तीर्ण होने के बावजूद वंचित बैठे हैं। लाईफ लाइन फेडरेशन आफ इण्डिया के राष्ट्रीय संयोजक कन्हैयालाल बागडी व राष्ट्रीय महासचिव मनोज कुमार बारूपाल ने एक पत्रकार वार्ता करते हुये बताया कि एडिशनल डिग्रीधारी सम्बन्धि प्रकरण में वर्ष 2016 से ही माननीय उच्च न्यायालय में लम्बित है। अभ्यर्थी भर्ती परीक्षा 2016 व 2018 में चयन के लिये स्नातक के प्राप्तांकों का 30 प्रतिशत वेटेज जोडा जाना था जिससे यह विवाद खडा हुआ। अध्यापक सीधी भर्ती 2022 में सिर्फ मुख्य परीक्षा के प्राप्तांको को ही चयन का आधार बनाया गया। इस बीच सैकडो अभ्यार्थियों ने तात्कालीन सरकार के मंत्रियों व वर्तमान सरकार के मंत्रियों को पोस्टकार्ड लिखकर 2016 व 2018 में राजस्थान सरकार के आदेशानुसार निर्देशालय बीकानेर द्वारा एडिशनल डिग्रीधारी व्यक्तियों को न्यायालय में विचाराधीन उक्त प्रकरण के अन्तिम निर्णय के अधीन नियुक्तिया दी गई हैं। इसके अतिरिक्त कई अन्य अध्यापक भर्ती 2022 के ही एडिशनल डिग्रीधारी अभ्यर्थियों की नियुक्ति को न्यायालय के निर्णय तक रोके रखना कतई न्यायोचित नहीं हैं। इस मामले में लाईफ लाइन फेडरेशन आफ इण्डिया की राष्ट्रीय समन्वयक निर्मला सामरिया मानसिक वेदना से पीड़ित होकर राजस्थान सरकार व भारत सरकार को पोस्टकार्ड अभियान चलाकर अगर नियुक्ति नहीं दी जाती है तो वह इच्छा मृत्यु की स्वीकृति प्रदान करें।

फर्जी जीएसटी फर्म बता कर ठगी करने वाला पांच हजार रुपये का इनामी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। सांगानेर सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच हजार रुपये के इनामी आरोपित केरल निवासी अनीष वडक्कुमकरा को पकडा है। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि आरोपित ने कच्छ गुजरात में फर्जी जीएसटी फर्म होना बता कर पीड़ित को झांसा में लिया और एक लाख 82 रुपये की राशि की ठगी की थी। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण दिगंत आनंद ने बताया कि सांगानेर सदर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते केरल निवासी अनीष वडक्कुमकरा को गिरफ्तार किया है जिस पर पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण की ओर से पांच हजार रुपये का इनाम था। आरोपित अनीष वडक्कुमकरा प्रयोग में लिये गये मोबाइल नंबर भी दो साल पूर्व में बंद हो चुके थे और दिए गए फर्म के पते पर भी कोई नहीं मिला। ऐसी स्थिति में आरोपित की जीएसटी फर्म रजिस्ट्रेशन एवं बैंक रिकॉर्ड एवं तकनीकी सूचनाओं के आधार पर आरोपित मूल रूप केरल राज्य के जिला कन्नूर गांव ईडापुरा का निवासी होना पाया गया। जिस पर आरोपी की तलाश में टीम गठित की जाकर उसके मूल पते पर केरल में भेजी गई तथा आरोपी को सुबह के समय दबिश देकर उसके घर से दस्तयाब किया गया।

रावतभाटा में पर्युषण महापर्व और भगवान महावीर का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

बढ़ता राजस्थान

रावतभाटा(नि.स.)। रावतभाटा में पर्युषण महापर्व का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है। इस अवसर पर भगवान महावीर का जन्मोत्सव महावीर भवन और श्री सुविधिनाथ स्वामी जैन श्वेतांबर मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्युषण महापर्व के चार दिनों तक समाज के महिला, पुरुष और बच्चों द्वारा सुविधिनाथ भगवान, पार्श्वनाथ भगवान और सुपार्श्वनाथ भगवान की पूजा अर्चना नियमित रूप से की गई। प्रत्येक दिन लाभार्थी परिवारों द्वारा स्नात्र पूजन किया गया और मंदिर परिसर में प्रभु जी की आंगी और रंगोली सजाई गई। समाज के सचिव जितेन्द्र जैन ने बताया कि यह आयोजन समाज की एकता और धार्मिक समर्पण को दर्शाता है। पांचवे दिन महावीर भवन में भगवान महावीर का जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर भगवान का जन्मवंचन हर्ष जैन ने किया, और भगवान महावीर की माता कृष्ण द्वारा 14 सपनों का वर्णन प्रस्तुत किया गया। 14 सपनों की बोलियां और पालना की बोलियां समाजजन द्वारा ली गईं। सभी परिवार इस उत्सव में शामिल हुए और जन्मोत्सव को बड़े हर्षोल्लास से मनाया। महावीर भवन से जुलूस की शुरुआत हुई, जो बाजार नंबर एक और दो होते हुए महावीर भवन पर पहुंचा। जुलूस के दौरान महिलाएं, पुरुष और बच्चे बड़ी संख्या में एकत्रित थे और भजन कीर्तन में भाग लेते नजर आए। शाम को महिलाओं द्वारा प्रतिक्रमण किया गया, जिसे प्रिया तिल्लानी और अंकिता तिल्लानी ने करवाया। इसके बाद मंदिर में भगवान की आरती की गई और देर रात तक भक्ति की गई। भक्ति के लाभार्थी मोहन लाल, सुनील कुमार, अशोक कुमार लोढ़ा परिवार रहे। प्रत्येक दिन मंदिर में प्रभु जी की आंगी सजाई गई और रंगोली बनाई गई, जिसमें समाज के पुरुष, महिलाएं और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अंगी और रंगोली सजाने में ज्ञानलता गोठी, अपूर्वा बरडिया, विकास धाकड़, प्रेरणा जैन, हिमानी गोठी, मानसी हिंगड़, ईशा बरडिया, धनंजय गोठी, सिद्धिका तिल्लानी, तीर्थ जैन, देवांशु हिंगड़ आदि शामिल रहे।

मादक पदार्थ की तस्करी मे एक गिरफ्तार, मोटरसाईकिल जब्त

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर, (नि.स.)। मसूदा थानाधिकारी गणपतराम विश्नोई के नेतृत्व में मसूदा थाने की टीम द्वारा अवैध मादक तस्करो के खिलाफ कार्यवाही करते हुऐ 24.87 ग्राम स्मैक बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी श्री विश्नोई ने बताया कि जब निजी वाहन कार से वांछित आरोपियों की तलाश की जा रही थी व हल्का गस्त लगाई जा रही थी। इस दौरान पायलट नगर सरहद मसूदा के पास सामने से मोटर साईकिल आती नजर आई जो पुलिस जाप्ते को देखकर मोटर साईकिल चालक ने मोटरसाईकिल को कच्चे रास्ते मे उतार दी और जंगलात भूमि की ओर तेज गति से भागने लगा। इसी बीच व्यक्ति की संदिग्ध गतिवियों को देखते हुए पुलिस जाब्ते ने मोटरसाईकिल का पीछा कर रुकवाया तो मोटरसाईकिल चालक के कब्जे से 24.87 ग्राम स्मेक जब्त की गई एवं एवं परिवहन में प्रयुक्त की गई मोटरसाईकिल को भी जब्त किया। पुलिस ने आरोपी गोपाल पुत्र हाथीराम जाति गुर्जर(62 वर्ष) निवासी ग्राम चावण्डिया बताया गया। पुलिस आरोपी के खिलाफ कार्यवाही कर रही हैं।

जिला कलक्टर ने किया गंभीरी बांध का अवलोकन

बढ़ता राजस्थान

चित्तौड़गढ़ (नि.स.)। जिला कलक्टर आलोक रंजन ने बुधवार को गंभीरी बांध का अवलोकन किया। उन्होंने बांध की भराव क्षमता, जल निकासी, बांध से सिंचाई, पेयजल व्यवस्था, मोटर पोस्टिंग, गेट ऑपरेशन आदि के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जल भराव के क्षेत्र में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी विकास पंचोली, जल संसाधन विभाग के एक्सईएन राजकुमार शर्मा सहित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

GRAM PANCHAYAT CHAINPURA PANCHAYAT SAMITI PIPRALI (SIKAR)

No:Epro./25 Date: 30.08.2024

Notice Inviting Bid

Bids for Rate Contract for Supply of Construction Material for MGNREGA and other schemes in Gram Panchayat CHAINPURA for the year 2024-25 are invited from interested bidders upto 09.09.2024 time 6 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in or https://eproc.rajasthan.gov.in) of the state.

UBIN: PIV2425GLRC00067

Sarpanch
Gram Panchayat CHAINPURA

Village Development Officer
Gram Panchayat CHAINPURA

आपसी सामंजस्य व समन्वय ना होने के कारण अभी तक ना तो कार्ड छपे और ना ही पोस्टर बैनर, मेला फीका-फीका

बढ़ता राजस्थान

ब्यावर, (विष्णुदत्त धीमान)। लोक देवता वीर तेजाजी का मेला इस बार अव्यवस्थाओं के चलते व नगर परिषद के पार्षदों, आयुक्त, कर्मचारियों के बीच आपसी समन्वय व सामंजस्य ना होने के कारण मेला आरम्भ होने से पहले ही मेले की रंगत फीकी नजर आ रही हैं। हालांकि बुधवार को मेला संयोजक गोपाल सिंह रावत व भाजपा के कई पार्षद व कार्यकर्ताओं ने जयपुर जाकर मेले में आने के लिये कई अतिथियों को आमंत्रित किया है जिनमे प्रमुख रूप सें राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, डिप्टी सीएम दिया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा, स्वायत्त शासन मंत्री एवं ब्यावर के प्रभारी झाबरसिंह जी खर्रा, जैतारण के विधायक व सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत व अन्य कई मंत्रीगण व भाजपा के पदाधिकारी नेता है। जानकारी के अनुसार ब्यावर से विधायक शंकर सिंह रावत के नेतृत्व में ब्यावर नगर परिषद के सभापति नरेश कनौजिया, जवाजा के प्रधान गणपत सिंह रावत, मेला संयोजक गोपाल सिंह रावत, सेदरिया मेला संयोजक मनोज तंवर, अजय फुलवारी, विरेन्द्र सिंह रावत, सरदार मंगत सिंह मोनू, अनु शर्मा, शैलेन्द्र सिंह, शंकर यादव, अशोक देवडा, रमजान खान, राकेश बागडी, सरपंच संघ के अध्यक्ष महिपाल सिंह व श्याम सिंह सेदरिया आदि ने जयपुर पहुंचकर ब्यावर के ऐतिहासिक तेजा मेले मे होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिये अतिथियों को आमंत्रित करने के लिये पहुंचे थे, और उक्त सभी मंत्रियों आदि को आमंत्रित किया।

ज्ञातव्य है कि तेजा मेले के लिये जिन-जिन को आमंत्रित किया है उनकी सभी की स्वीकृतिया आनी बाकी हैं लेकिन राज्य के मुख्यमंत्री मेले के दौरान विदेश जाने के कार्यक्रम के तहत उनका प्रोग्राम नहीं बन पा रहा हैं। लेकिन इस बीच दोनों डिप्टी सीएम मे से एक की आने की संभावना व्यक्त की जा रही हैं। मेले के लिये पूर्व में लगभग एक सप्ताह से पूर्व ही निमंत्रण कार्ड छप जाया करते थे लेकिन इस बार अभी तक अतिथियों को आमंत्रित करने के लिये ही चक्कर लगाये जा रहे हैं। अतिथियों के स्वीकृति मिलने के बाद ही मेले के कार्ड व अन्य सामग्रिया प्रिन्ट होगी।

पूर्व विधायक बिधूड़ी ने जताई शोक संवेदना

बढ़ता राजस्थान

रावतभाटा(नि.स.)। पूर्व बेगू विधायक व संसदीय सचिव राजेंद्र सिंह बिधूड़ी ने पार्षद मुन्ना तिवारी व पूर्व जिला प्रमुख लीला शर्मा के आवास पर पहुंच पारिवारिक शोक में सम्मिलित होकर शोक संवेदना व्यक्त की। पूर्व विधायक ने कहा कि पूर्व जिला प्रमुख लीला शर्मा के सुपुत्र भरत शर्मा के आकस्मिक निधन से गहरा दुख हुआ। मेरी ओर से उनके परिवार के सदस्यों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना है। उनकी आत्मा को शांति मिले। पार्षद मुन्ना तिवारी की भाभी के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

COLLEGE OF AGRICULTURE

(SRI KARAN NARENDRA AGRICULTURE UNIVERSITY) Jhilai (Niwai)- 304025 Tonk (Rajasthan)

No.F./Estt/COAJ/2024-25/1328 Date :- 03/09/2024

विज्ञापन

कृषि महाविद्यालय, झिलाई (टोंक) में वित्तीय वर्ष 2024-25 में इन्टरेक्टीव पैनल संलग्न सूची के अनुसार क्रय करने हेतु इच्छुक पंजीकृत फर्मो/आपूर्तिकर्ताओं/सेवाप्रदाताओं संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 18.09.2024 को प्रातः 12:30 बजे तक सीलबन्द निविदायें खुली निविदा प्रक्रिया के तहत द्वि लिफाफे पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं निविदा की सभी शर्ते कार्यालय दिवस में निविदा फार्म शुल्क रूपये 500/- Dean, College of Agriculture, Jhilai के पक्ष में बैंक ड्राफ्ट, बैंकर चैक या नगद राशि का भुगतान कर दिनांक 18.09.2024 प्रातः 11:30 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं अथवा www.sknau.ac.in एवं sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते हैं। प्राप्त निविदायें उसी दिन दोपहर 2.30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष कृषि महाविद्यालय, झिलाई की गठित कमेटी द्वारा खोली जावेगी। निविदा की अनुमानित राशि 6.00 लाख रुपये हैं। निविदा को सम्पूर्ण अथवा किसी भाग को बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

UBN is: SKN2425GSOB00137

अधिष्ठाता
कृषि महाविद्यालय, झिलाई (टोंक)

सूचना/संवाद/सी/24/4698

राजस्थान सरकार

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय

क्रमांक / भण्डार/2024/88 दिनांक:- 02.09.2024

निविदा सूचना

सूचना कार्यालय हाजा नोटिस बोर्ड पर

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय मे अधिनस्थ चिकित्सा संस्थानो हेतु काटन रोल 500 ग्राम क्रय करने के लिए निविदायें आमंत्रित की जाती है। काटन रोल क्रय किये जाने हेतु अनुमानित लागत 8.50 लाख रु है मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के नाम बोली प्रतिभूति राशि (अनुमानित लागत का 2 प्रतिशत राशि 17000/-) एंव निविदा प्रपत्र राशि रु 500/- शुल्क आफलाईन अथवा आनलाईन डी.डी/बी.सी के रुप मे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के नाम कार्यालय में जमा करवाकर निविदा फार्म प्राप्त की जा सकती है एंव निविदा प्रपत्रो इच्छुक रजिस्टेड विनिर्माता/ हॉलसैल / रिटेलर अपनी फर्म के लेटर हेड पर निविदाये बन्द लिफाफे मे दिनांक 09.09.24 को सुबह 11.00 बजे तक भण्डार कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय मे जमा करानी होगी। कार्यालय मे निविदा जमा करवाते समय Technical and Financial bid अलग अलग प्रस्तुत करें। इसके पश्चात् प्राप्त निविदाओ पर कोई विचार नही किया जावेगा। निविदा प्रपत्र शशर्त स्वीकार नही किये जावेगें। प्राप्त निविदाओं को निविदादाता के समक्ष 09.09.2024 को दोपहरः 01.00 बजे खोली जायेगी।

क्र.सं.	आईटम का नाम	प्रस्तुत दर प्रति नग (सभी कर सहित)
1.	Cotton Roll 500gm	

NIB MHS 2425 A1890
UBN MHS 2425GSRC02715
Mob-7374004405

DIPR/C/8178/2024

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य
अधिकारी जयपुर द्वितीय

सम्पादकीय

कब रुकेगी हिंसा, विपक्ष शासित राज्यों की छोटी घटना पर जवाबतलब करने वाली केंद्र मणिपुर के मामले में साइलेंट क्यों

एक भी ऐसा संकेत नजर नहीं आता, जिससे पता चले कि सरकार मणिपुर में हिंसा रोकने को लेकर गंभीर है। सवा साल से ऊपर हो गए, मगर अब भी वहां कुकी और मैतेई समुदाय के बीच संघर्ष जारी है। इन समूहों के उग्रवादी संगठन लक्षित हिंसा करने लगे हैं। वे पहले दूसरे समूह के लोगों के घरों को चिह्नित करते हैं और फिर हमला कर देते हैं। इंफल के पश्चिमी हिस्से में हुआ ताजा हमला इसका उदाहरण है। उसमें एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई और नौ घायल हो गए। घायलों को गोली लगी है। इस घटना के बाद मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने संकल्प लिया है कि वे किसी भी चरमपंथी गुट को कट्टरपंथी और राष्ट्र-विरोधी नहीं बनने देंगे। विचित्र है कि वे कई मौकों पर दोहरा चुके हैं कि स्थिति काबू में है, अब वे अरामबाई तेंगगोल जैसे चरमपंथी संगठनों पर शिकंजा कसने की बात कर रहे हैं। मणिपुर सरकार के गृहमंत्रालय ने कहा है कि ताजा घटना में उग्रवादियों ने ड्रोन का उपयोग कर लक्षित हिंसा की। समझना मुश्किल है कि मणिपुर में सक्रिय उग्रवादियों की गतिविधियों पर नजर रखना इतना मुश्किल क्यों बना हुआ है और वे कैसे अत्याधुनिक तकनीक और हथियारों का इस्तेमाल कर पा रहे हैं। छिपी बात नहीं है कि मणिपुर का सारा संघर्ष सरकार की शिथिलता की वजह से पैदा हुआ है।

शुरू में ही अगर सरकार ने दोनों समुदायों के बीच पैदा हुई गलतफहमी को दूर करने का प्रयास किया होता, तो वैमनस्यता की आग इस हद तक न भड़कने पाती। मगर सरकार ने न तो बातचीत की पहल की और न उपद्रवियों पर काबू पाने की कोशिश। यही वजह है कि पिछले वर्ष शुरू हुई हिंसा के बाद कई थानों और शस्त्रागारों से हथियार लूट लिए गए और उनका हिंसा में इस्तेमाल होता रहा। पुलिस की मौजूदगी में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घुमाने, उनसे बलात्कार और उनकी हत्या तक की घटनाएं हो चुकी हैं। मगर उन पर कार्रवाई में तत्परता नहीं दिखाई गई। अब तक दो सौ से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। हजारों लोग अपना घर-बार छोड़ कर शिविरों में रहने को मजबूर हैं। हजारों घर और पूजा स्थल तोड़-फोड़-जला दिए गए। इतना कुछ हो जाने के बाद अगर मुख्यमंत्री अब संकल्प ले रहे हैं कि वे उग्रवादी संगठनों को राष्ट्र-विरोधी और कट्टरपंथी नहीं बनने देंगे, तो हैरानी का विषय है। मणिपुर के मामले में केंद्र सरकार का रवैया भी शुरू से सवालों के घेरे में रहा है। जिन राज्यों में विपक्षी दलों की सरकारें हैं, उनसे छोटी-सी घटना पर भी केंद्रीय गृहमंत्रालय तुरंत जवाब तलब कर लेता है, मगर मणिपुर के मामले में मौन साधे हुए ही दिखता रहा। शुरू-शुरू में वहां केंद्रीय सुरक्षा बलों को सख्ती के आदेश दिए गए थे, तब हिंसा रुक गई थी, मगर बाद में किस वजह से उस पर काबू पाने की कोशिश नहीं की गई, समझना मुश्किल है। ऐसा नहीं माना जा सकता कि अगर केंद्र सरकार चाहे, तो वह मणिपुर जैसे छोटे राज्य में हिंसा को नहीं रोक सकती। इस मामले में मुख्यमंत्री की जवाबदेही भी तय नहीं की गई। सर्वोच्च न्यायालय ने स्वत: संज्ञान लेते हुए वहां घटनाओं की जांच और राज्य पुलिस की कार्रवाइयों आदि पर नजर रखने के लिए एक दल गठित कर दिया।

लोकसभा में असफलता के बाद अब हरियाणा विधानसभा में आप पार्टी व कांग्रेस में गठबंधन की तैयारी

लोकसभा चुनावों में आप और कांग्रेस ने दिल्ली, हरियाणा और गुजरात में सीट बंटवारे की व्यवस्था की, जबकि वे असम और पंजाब में एक-दूसरे के खिलाफ लड़े। गोपाल राय ने कहा कि हमने बेहद विपरीत परिस्थितियों में लोकसभा चुनाव लड़ा। हमारे शीर्ष नेता जेल में हैं। सभी सीटों पर जीत का अंतर कम हो गया है। केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आप कार्यकर्ताओं में निराशा थी लेकिन पार्टी कठिन परिस्थितियों में भी एकजुट रही और तानाशाही के खिलाफ अच्छी लड़ा। दिल्ली के नतीजों पर उन्होंने कहा कि आप-कांग्रेस गठबंधन का सबसे बड़ा फायदा यह हुआ कि भाजपा उम्मीदवारों की जीत का अंतर कम हो गया।

अशोक भाटिया

दिल्ली चुनाव के बाद हरियाणा में ये भी लगभग साफ हो गया था कि कांग्रेस और आम आदमी पार्टी विधानसभा का चुनाव अलग-अलग लड़ेंगी। हरियाणा कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपिंदर सिंह हुड्डा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में गठबंधन नेशनल लेवल पर था, लेकिन विधानसभा चुनाव में कोई गठबंधन नहीं होगा। हरियाणा में कांग्रेस और आप ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। राज्य की 10 लोकसभा सीटों में से 5 पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की, जबकि 5 सीटें भाजपा के खाते में गईं। इससे पहले आप ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ किसी भी गठबंधन से इनकार करते हुए कहा था कि यह शुरू से ही स्पष्ट था कि गठबंधन की मौजूदा व्यवस्था केवल लोकसभा चुनाव के लिए थी। अब जब हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दल अपनी अपनी तैयारी में जुटे हुए हैं। इन सबके बीच आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच हरियाणा में गठबंधन को लेकर वापस चर्चाएं तेज हो गई है। वहीं दावा किया जा रहा है कि गठबंधन को लेकर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा और कांग्रेस महासचिव के केसी वेणुगोपाल के बीच मुलाकात हो रही है।

वही, आम आदमी पार्टी 20 सीटों से कम पर करने को तैयार नहीं है। सूत्रों का कहना है कि आम आदमी पार्टी 90 में से 20 सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा ठोक सकती रही है। वैसे सिरसा हरियाणा से निकलने वाले अख़बार 'पल पल' के संपादक सुरेन्द्र भाटिया के अनुसार आप पार्टी की सीटों की संख्या 5 से 7 सीटों की व 2 सीट सपा व 1 सीट सीपीआई की हो सकती है । फिलहाल वैसे आप पूरे के पूरे 90 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की तैयारी में थी। जब आप हरियाणा अध्यक्ष सुशील गुप्ता से हरियाणा में कांग्रेस के साथ गठबंधन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ये फैसला आलाकमान लेगा। उन्होंने कहा कि गठबंधन हाईकमान का मामला है, अगर हाईकमान कहेगा तो मैं अपनी बात उनके सामने रखूंगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मेरा स्पष्ट मानना है कि आम आदमी पार्टी को 4-5 सीटों (गठबंधन में) पर सहमत नहीं होना चाहिए। हमारा फोकस सभी 90 सीटों पर है। लेकिन एक अनुशासित सिपाही होने के नाते हमारा राष्ट्रीय नेतृत्व जो फैसला लेगा, हम उसे स्वीकार करेंगे। बताया जाता है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी आगामी हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच गठबंधन के इच्छुक हैं। सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी ने पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक के दौरान आप के साथ गठबंधन की संभावना पर हरियाणा कांग्रेस के नेताओं की राय मांगी। आपको बता दें कि कांग्रेस और आप ने हरियाणा, गुजरात, गोवा, दिल्ली और चंडीगढ़ में मिलकर लोकसभा चुनाव लड़ा था। हालांकि, दिल्ली और हरियाणा में आप ने अपने दम पर अकेले चुनाव लड़ने ला ऐलान कर दिया।हालांकि, राहुल गांधी के सुझाव का आप ने स्वागत किया है। आप सांसद संजय सिंह ने इसको लेकर कहा कि हम इसका स्वागत करते हैं। हमारी प्राथमिकता बीजेपी को हराना है। उन्होंने कहा कि हमारे हरियाणा प्रभारी संदीप पाठक और सुशील गुप्ता इस पर चर्चा करेंगे और अंतिम निर्णय लेंगे और इसके बारे में अरविंद केजरीवाल को सूचित करेंगे और उसके अनुसार निर्णय लिया जाएगा। पिछले महीने, वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुमारी शैलजा ने ने हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए आप के साथ गठबंधन की संभावना से इनकार कर दिया था और कहा था कि उनकी पार्टी राज्य में एक मजबूत खिलाड़ी है, और अकेले चुनाव लड़ेगी। बताया जाता है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी हरियाणा में आम चुनाव की तर्ज पर विधानसभा चुनाव में भी आम आदमी पार्टी से गठबंधन करना चाहते हैं। राहुल गांधी ने हरियाणा चुनाव के लिए उम्मीदवार तय करने के लिए हुई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में राज्य के नेताओं से गठबंधन को लेकर फीडबैक मांगा है । उन्होंने एक वरिष्ठ नेता को गठबंधन की संभावनाएं टटोलने की जिम्मेदारी सौंपी है। आम आदमी पार्टी पहले ही सूबे की सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी कहते आए हैं कि हम अकेले ही लड़ेंगे और जीतेंगे। हरियाणा में जीत को लेकर कांग्रेस कॉन्फिडेंट है। फिर भी राहुल गांधी आम आदमी पार्टी से गठबंधन क्यों चाहते हैं? राहुल गांधी का फोकस राज्य से अधिक राष्ट्रीय राजनीति है। हरियाणा में जीत के विश्वास के बावजूद अगर वह आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन चाहते हैं तो उनकी रणनीति लोकसभा चुनाव में तमाम विरोधाभास और अगर-मगर के बीच खड़े हुए इंडिया ब्लॉक के दलों की एकजुटता बनाए रखने, सहयोगी दलों में कांग्रेस को लेकर विश्वास बढ़ाने की भी है। मध्य प्रदेश चुनाव में कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी के साथ अंतिम समय तक बातचीत के बावजूद गठबंधन नहीं किया था। तब पार्टी पर आरोप लगे थे कि वह उन राज्यों में छोटी पार्टियों को दरकिनार कर देती है जहां वो मेन प्लेयर है। कांग्रेस अब इस टैग से बाहर निकलना चाहती है। राहुल गांधी की इस मंशा के पीछे फ्यूचर पॉलिटिक्स है और इसीलिए वह हरियाणा से देश के बाकी राज्यों, इंडिया ब्लॉक के सहयोगी दलों को एक संदेश देना चाहते हैं। दरअसल हरियाणा के जरिये राहुल गांधी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और गुजरात की पिच सेट करना चाहते हैं। दिल्ली में पिछले दो विधानसभा चुनाव से कांग्रेस पार्टी खाता तक नहीं खोल पाई है। वहीं, पिछले गुजरात चुनाव में भी कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत खराब रहा था। 2017 के चुनाव में 42 ।2 फीसदी वोट शेयर के साथ 77 सीटें जीतने वाली कांग्रेस 2022 में 27 ।28 फीसदी वोट के साथ महज 17 सीटें ही जीत सकी थी जो प्रदेश में पार्टी का सबसे खराब प्रदर्शन भी है। इसी चुनाव में आम आदमी पार्टी करीब 13 फीसदी वोट शेयर के साथ 35 सीटों पर दूसरे नंबर पर रही थी। राहुल गांधी संसद में भी यह दावा करते आए हैं कि इस बार कांग्रेस पार्टी गुजरात में बीजेपी को हराने जा रही है। हरियाणा चुनाव में गठबंधन की मंशा को उनकी दिल्ली-गुजरात रणनीति से जोड़कर भी देखा जा रहा है। हरियाणा में 2014 से ही भाजपा की सरकार है। भाजपा सरकार के खिलाफ 10 साल की एंटी इनकम्बेंसी है और जाट-किसान भी नाराज हैं। कांग्रेस नेताओं को लग रहा है कि इस बार परिस्थितियां उनके अनुकूल है लेकिन चुनौती इन एंटी वोटों का बिखराव रोकने की है। इंडियन नेशनल लोक दल और जननायक जनता पार्टी जैसे दल मैदान में हैं। जेजेपी हाल तक भाजपा के साथ गठबंधन में थी। आईएनएलडी अपनी खोई जमीन तलाश रही है लेकिन ऐसे में अगर आम आदमी पार्टी अकेले चुनाव मैदान में उतरती है तो कांग्रेस की संभावनाओं को नुकसान पहुंचा सकती है। राहुल गांधी की आम आदमी पार्टी से गठबंधन की चाहत के पीछे एक फैक्टर अति आत्मविश्वास भी है। छत्तीसगढ़ चुनाव नतीजों के बाद पार्टी अतिरिक्त सतर्कता बरत रही है। भाजपा जमीन पर एक्टिव है। सत्ताधारी दल ने दुष्यंत चौटाला की जेजेपी से गठबंधन तोड़ लिया था। जाट पॉलिटिक्स की पिच पर अब तीन प्लेयर हो गए हैं- कांग्रेस, आईएनएलडी और जेजेपी। दूसरी तरफ भाजपा गैर जाट जातियों को अपने पाले में गोलबंद करने की रणनीति पर भी काम कर रही है।

आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

मेष
स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

वृष
सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है।

मिथुन
आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

कर्क
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी। स्नेहीजनों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी।

सिंह
मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी।

कन्या
अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

तुला
किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

वृश्चिक
व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

धनु
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा।

मकर
दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

कुंभ
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

मीन
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी।

शख्सियत

'हमारी सामाजिक अभिव्यक्ति समाज के लिए कुछ अलग सी हो,ताकि हम जब महफ़िल में ना रहे तो भी चर्चा हमारे व्यवहार की हो'

मधुर अग्रवाल
(युवा समाजसेवी)

नमस्कार मित्रों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं युवा समाजसेवी मधुर अग्रवाल । इनका जन्म 20 सितंबर 1986 को अलवर में हुआ। इन्होंने उच्च शिक्षा जेपी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, नोएडा से बी.टेक (इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन)। आईसीएफएआई बिजनेस स्कूल, मुंबई से एम.बी.ए. (वित्त) से की। व समाज मे सामाजिक कार्यो व विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़ कर अपनी एक अलग इमेज बनाई। अपने नाम को चरितार्थ कर स्वयं के जीवन दर्शन के अक्स में दिखाने वाले मधुर स्वभाव से भी मधुर ही हैं। हमेशा समाजिक कार्यो को पूरी ऊर्जा के साथ करते हैं। ये संयुक्त सचिव (अलवर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज) असिस्टेंट गवर्नर (रोटरी क्लब अलवर फोर्ट) सचिव (लघु उद्योग भारती)

सचिव (भारत विकास परिषद अरावली, अलवर) वर्तमान में श्रम मेटल्स और मनन मेटल्स के नाम से कारोबार कर रहा है, भारतीय रेलवे के लिए ब्रेकिंग सिस्टम घटकों का निर्माण कर रहे है। सरकारी स्कूल शिवाजी पार्क के लिए शौचालय बनाने और स्कूल पुनर्विकास के लिए दिसंबर 2022 में गौरव गुप्ता कॉमेडी शो के माध्यम से फंड जुटाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके लिए जिला सरकार स्तर पर समग्र शिक्षा अभियान में सम्मानित किया गया। मानस के साथ मिलकर कोविड महामारी के दौरान कोविड मरीजों और उनके परिवारों के लिए 1 महीने तक मुफ्त थाली वितरण शुरू किया, जहां अलवर के विभिन्न स्थानों पर 5400 थालियां वितरित की गईं। बहुत सराहनीय कार्य के पथ पर चलते हुए समाज के युवाओ को दिशाए दिखा रहे हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

जय हिंद

आज का इतिहास

5 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- लंदन में 1666 को लगी भीषण आग में 13,200 घर क्षतिग्रस्त हो गये और आठ लोगों की मौत हो गयी।
- फ्रांस में 1798 को अनिवार्य सैन्य सेवा कानून प्रभाव में आया।
- सैम ह्यूस्टन टेक्सास गणराज्य के राष्ट्रपति 1836 में निर्वाचित।
- चीन में 1839 को पहला अफ़ीम युद्ध शुरू हुआ।
- ब्रिटेन, फ्रांस, बेल्जियम और रूस के बीच 1914 में लंदन समझौता हुआ।
- ब्रिटिश प्रधानमंत्री विंस्टन चर्चिल ने 1944 में अपनी स्कॉटलैंड यात्रा शुरू की।
- म्यूनिख ओलंपिक के दौरान फिलीस्तीनी समूह ब्लैक सितम्बर ने 1972 में 11 इजरायली एथलीटों को बंधक बना लिया और बाद में उनकी हत्या कर दी।
- पुर्तगाल के प्रधानमंत्री गोंसालवेज ने 1975 में अपने पद से इस्तीफा दिया।
- हाईजैक विमान में मुसाफिरों को बचाने की खातिर 1986 में अपनी गंवाने वाली नीरजा भनोट कराची में मौत हो गई थी।
- अमेरिका के टेनिस खिलाड़ी जॉन मैकनरॉय पर 1987 में उनके बयान के लिये 17,500 डॉलर का जुर्माना ठोका गया।
- नेल्सन मंडेला अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष 1991 में चुने गये।
- अंतर्राष्ट्रीय ओलम्पिक समिति ने सन् 2004 में होने वाले ग्रीष्म ओलम्पिक खेलों का आयोजन एथेन्स में 1997 को कराने का निश्चय किया।
- वाई नदी समझौते को 1999 में कार्यान्वित करने तथा रुकी हुई पश्चिमी एशिया शांति वार्ता को आगे बढ़ाने हेतु इस्रायल के प्रधानमंत्री एहुद बराक तथा यासिर अराफ़ात के मध्य शर्म अल शेख़ (मिस्र) में शांति समझौते पर हस्ताक्षर।
- नील्जिमालम्बा रूस में 2000 को अंतर्राष्ट्रीय महिला संगठन की अध्यक्ष नियुक्त, वे इस पद को सुशोभित करने वाली पहली एशियाई महिला हैं।
- फिजी में 2001 को महेन्द्र चौधरी, जार्ज स्पेट और लाइसेनिया करासे संसद हेतु चुने गये।
- अफगानिस्तान के राष्ट्रपति हामिद करजई पर 2002 में जानलेवा हमला, पर वे सुरक्षित रहे।
- मंडला एयरलाइंस का विमान 091 इंडोनेशिया में 2005 को सुमात्रा के एक आवासीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उसमें सवार 104 लोगों के अलावा आवासीय क्षेत्र के 39 लोगों की मौत हो गई।
- रतन टाटा के नेतृत्व में 2008 को सोसायटी ऑफ़ इण्डियन ऑटोमोबाइल मैन्यूफैक्चरर्स (सियाम) के प्रतिनिधिमण्डल ने प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भेंट की।
- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने 2009 को दस कम्पनियों पर शेयर बाज़ार में क़ारोबार करने पर प्रतिबंध लगाया।
- भारतीय बैंक संघ और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा तैयार एटीएम के जरिए चेक निर्गम (क्लियर) करने की तकनीकी प्रणाली को 2011 में अंतिम रूप दिया गया।
- जापान के शिकोकू द्वीप पर 2011 को आए शक्तिशाली तूफान में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 43 लोग लापता हैं।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अनुमान के मुताबिक, गिनी, लाइबेरिया, नाइजीरिया, सेनेगल और सिएरा लियोन में 2014 को इबोला वायरस से संक्रमित 3500 लोगों में से 1900 लोगों की मौत हो गयी।

विशेष आलेख

शिक्षक दिवस पर विशेष

भारतीयता के अनुरूप शिक्षा से ही नया भारत संभव

ललित गर्ग

शिक्षक उस माली के समान है, जो एक बगीचे को अलग अलग रूप-रंग के फूलों से सजाता है। जो छात्रों को संकटों में भी मुस्कुराकर चलने के लिए प्रेरित करता है। आज शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र-निर्माण एवं शिक्षा को हर घर तक पहुंचाने के लिए तमाम सरकारी प्रयास किए जा रहे हैं। इसकी सफलता के सशक्त माध्यम शिक्षक ही है। भारत के राष्ट्रपति, महान दार्शनिक, चिन्तक, शिक्षाशास्त्री डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस को 5 सितम्बर को पूरे देश में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 घोषित की गयी, इसको लेकर देश में शिक्षा एवं शिक्षक पर व्यापक चर्चा आरंभ हो गई है। भारत की नई शिक्षा नीति में शिक्षा व्यवस्था के अलावा शिक्षकों की योग्यता एवं गुरुता पर विशेष ध्यान दिया गया है। पूरे देश में 'एक जैसे शिक्षक और एक जैसी शिक्षा' पॉलिसी पर काम किया जा रहा है। इसके लिये अपेक्षित है कि केवल शिक्षा क्रांति ही नहीं, बल्कि शिक्षक क्रांति का शंखनाद हो। किसी भी राष्ट्र एवं समाज की बहुत बड़ी शक्ति होती है- शिक्षक वर्ग। इस वर्ग के कंधों पर राष्ट्र के भविष्य-निर्माण यानी नये भारत-सशक्त भारत-विकसित भारत का गुरुतर दायित्व है। यदि इस दायित्व में थोड़ी-सी भी भूल रह जाती है तो समाज के निर्माण की नींव खोखली रह सकती है। वैदिक काल से ही भारत शैक्षणिक स्तर पर समृद्ध रहा है। इसी शिक्षा के आधार पर भारत विश्वगुरु कहलाता रहा है। गुरुकुल आधारित शिक्षा प्रणाली भारतीय परंपरा का प्रमुख अंग है। नालंदा और तक्षशिला की स्थापना तथा इसके प्रभाव से भारतीय शिक्षा व्यवस्था की समृद्ध परंपरा को जाना जा सकता है। लेकिन आजादी के बाद से हमारी वर्तमान शिक्षा प्रणाली ब्रिटिश ढांचे पर अग्रसर हुई है, जिसके कारण शिक्षा मिशन न होकर, व्यवसाय बन गयी है। तमाम शिक्षक एवं शिक्षालय अपने ज्ञान की बोली लगाने लगे हैं। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देखें तो गुरु-शिष्य की परंपरा कहीं न कहीं कलंकित हो रही है। आए दिन शिक्षकों द्वारा छात्रों एवं छात्रों द्वारा शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार, मारपीट एवं अनुशासनहीनता की खबरें सुनने को मिलती हैं। इसे देखकर हमारी संस्कृति की इस अमूल्य गुरु-शिष्य परंपरा पर प्रश्नचिह्न लगने लगे हैं।

शिक्षक दिवस एक अवसर है जब हम धुंधली होती शिक्षक की आदर्श परम्परा एवं शिक्षा को परिष्कृत करने और जिम्मेदार व्यक्तियों का निर्माण करने की दिशा में नयी शिक्षा नीति के अन्तर्गत ठोस कार्य करें। वैश्वीकरण के इस दौर में हमारा समाज एक अज्ञात भविष्य की ओर अग्रसर दिखाई देता है। बढ़ती जनसंख्या और सीमित संसाधनों के साथ हमारे देश को नई समस्याओं का सामना करना है। भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें ऐसे ज्ञान, कौशल और दक्षता की आवश्यकता होगी जो हमारी समस्या समाधान में योगदान कर सके। हजारों की संख्या में उच्च शैक्षणिक, शोध संस्थानों तथा मानव संसाधन की प्रचुरता के बावजूद भारत में अभी ?ज्ञान संस्कृति' का विकास और विस्तार तीव्र गति से नहीं हो पाया है। हमारी बौद्धिक संपदा का व्यावहारिक उपयोग भी नाकाफी है। आज प्रतिभा पलायन भारत की एक बड़ी समस्या है। 2011 की जनगणना के अनुसार 26 प्रतिशत से अधिक भारतीय अभी भी निरक्षर हैं जो कि बेहद डरावना आंकड़ा हैं क्योंकि एक राष्ट्र के रूप में हमारी महत्वकांक्षाएं इससे ज्यादा की मांग करती है। नई शिक्षा नीति में पारंपरिक से आधुनिक शैक्षणिक प्रतिमानों में गहरा बदलाव करके पूर्ण मानवीय क्षमता को प्राप्त करने, एक समतापूर्ण समाज विकसित करने और राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा देने के व्यापक प्रयत्न हो रहे हैं। अब अनुभवात्मक शिक्षा और समग्र छात्र विकास की दिशा में एक आदर्श बदलाव की शुरुआत हो रही है। इस समकालीन शैक्षिक परिदृश्य में, क्या सीखना है से लेकर कैसे सीखना है, इस पर जोर दिया जाता है। आलोचनात्मक सोच, निर्णय लेने और समस्या-समाधान के कौशल को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, यह उद्यमशीलता, नवाचार और अनुकूलनशीलता जैसे गुणों को विकसित करने के महत्व को रेखांकित करती है। भारत अब विज्ञान और प्रौद्योगिकी के युग का गवाह बन रहा है। भारत में शिक्षा ने अब खुद को पुनर्गठित किया है ताकि इस बात पर जोर दिया जा सके कि हमारे दैनिक जीवन में प्रौद्योगिकी कितनी आवश्यक है। इसी शिक्षा के कारण भारत का भाल आज भी गर्व और गौरव से उन्नत है। भारत की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए एफ. डब्ल्यू. टॉमस ने लिखा है- ''भारत में शिक्षा विदेशी पौधा नहीं है। संसार का कोई भी ऐसा देश नहीं है, जहां ज्ञान के प्रति प्रेम का इतने प्राचीन समय में आविर्भाव हुआ हो या जिसने इतना चिरस्थायी और शक्तिशाली प्रभाव डाला हो।'' महात्मा गांधी के अनुसार सर्वांगीण विकास का तात्पर्य है- आत्मा, मस्तिष्क, वाणी और कर्म-इन सबके विकास में संतुलन बना रहे। स्वामी विवेकानंद के अनुसार सर्वांगीण विकास का अर्थ है- हृदय से विशाल, मन से उच्च और कर्म से महान। सर्वांगीण व्यक्तित्व के विकास हेतु शिक्षक आचार, संस्कार, व्यवहार और विचार- इन सबका परिमार्जन करने का प्रयत्न करते रहते थे। इन्हीं सब चर्चाओं के मध्य हम देखेंगे कि 1986 की शिक्षा नीति में ऐसी क्या कमियाँ रह गई थीं जिन्हें दूर करने के लिये नई राष्ट्रीय शिक्षा नति को लाने की आवश्यकता पड़ी। साथ ही क्या यह नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति उन उद्देश्यों को पूरा करने में सक्षम होगी जिसका स्वप्न महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद ने देखा था? यह स्वप्न है जिसके माध्यम से मनुष्य की आंतरिक शक्तियों का विकास, व्यवहार को परिष्कृत करना तथा ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि कर मनुष्य को योग्य नागरिक बनाना। शिक्षकों पर इस दुनिया में सबसे प्रेरक काम और एक बड़ी जिम्मेदारी है। शिक्षक ज्ञान का भंडार हैं जो अपने शिष्यों को अपना ज्ञान देने में विश्वास करते हैं जिससे उनके शिष्य भविष्य में दुनिया को बेहतर बनाने में सहायता कर सकेंगे। इससे ऐसी पीढ़ी निर्मित होगी जो उज्ज्वल और बुद्धिमान हो तथा वह जो दुनिया को उसी तरीके से समझे जैसी यह है और जो भावनाओं से नहीं बल्कि तर्क और तथ्यों से प्रेरित हो। हर शिक्षक अपने विद्यार्थी के व्यक्तित्व को तराशकर उसे महनीय और सुघड़ रूप प्रदान करते हैं। हर पल उनकी शिक्षाएं प्रेरणा के रूप में, शक्ति के रूप में, संस्कार के रूप में जीवंत रहती हैं। महान् दार्शनिक आचार्य महाप्रज्ञ के शब्दों में -'व्यक्तित्व-निर्माण का कार्य अत्यन्त कठिन है। नि:स्वार्थी और जागरूक शिक्षक ही किसी दूसरे व्यक्तित्व का निर्माण कर सकता है।' हमने सुपर-30 फिल्म में एक शिक्षक के जुनून को देखा। इस फिल्म में प्रो. आनन्द के शिक्षा-आन्दोलन को प्रभावी ढंग से प्रस्तुति दी गयी है। आजादी के अमृतकाल यानी पिछले 75 वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में हमने ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं तो कई ऐसे प्रश्न हैं जो हमारी शिक्षा व्यवस्था के समक्ष गंभीर चुनौती हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

कृषि यंत्र खरीद पर किसानों को मिलेगा 50 प्रतिशत तक अनुदान

बढ़ता राजस्थान

टोंक, (का.स.)। खेती-किसानी में कृषकों द्वारा बुआई, जुताई और बिजाई जैसे कठोर कार्य किये जाते हैं। इन्हीं कार्यों को सुगम बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना के प्रावधानों के तहत किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों पर अनुदान देकर लाभान्वित किया जा रहा है। जिससे किसानों पर आर्थिक भार कम पड़ेगा और कृषि कार्य आसान हो जायेंगे साथ ही किसानों की आय में भी वृद्धि होगी।

कृषि अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत कृषक 13 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि कृषि यंत्रों पर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, लघु, सीमांत एवं महिला किसानों को ट्रैक्टर की बीएचपी के आधार पर लागत का अधिकतम 50 प्रतिशत तक तथा अन्य श्रेणी के कृषकों को लागत का अधिकतम 40 प्रतिशत तक अनुदान दिया जायेगा। लघु एवं सीमांत श्रेणी के किसानों को ऑनलाइन आवेदन से पूर्व जन आधार में लघु एवं सीमांत श्रेणी जुड़वाना आवश्यक है, आवेदन के दौरान उक्त प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। राज किसान साथी पोर्टल पर ई-मित्र के माध्यम से जनाधार कार्ड, जमाबंदी की नकल, कृषि यंत्र का कोटेशन आदि दस्तावेजों की सहायता से ऑन-लाईन आवेदन कर सकते हैं। किसानों को प्रचलित ट्रैक्टर संचालित सभी प्रकार के कृषि यंत्र जैसे रोटावेटर, थ्रेसर, कल्टीवेटर, बंडफार्मर, रीपर, सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, डिस्क हेरो, प्लॉउ आदि यंत्रों पर अनुदान दिया जायेगा। किसान द्वारा कृषि यंत्रों को पंजीकृत फर्म से खरीदने तथा सत्यापन के बाद अनुदान उनके जनाधार से जुड़े बैंक खाते में हस्तान्तरित किया जायेगा।

एक जन आधार पर होगा एक आवेदन

एक किसान को एक प्रकार के कृषि यंत्र पर तीन वर्ष की कालावधि में केवल एक बार अनुदान दिया जायेगा। किसानों को वित्तीय वर्ष में एक ही कृषि यंत्र पर अनुदान दिया जायेगा। प्रशासनिक स्वीकृति जारी करने से पूर्व खरीदे गये पुराने कृषि यंत्रों पर अनुदान नहीं दिया जायेगा। एक जन आधार द्वारा एक ही आवेदन स्वीकार होगा कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए किसान के नाम भूमि और ट्रैक्टर चलित यंत्र पर अनुदान के लिए ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन आवेदक किसान के नाम होना आवश्यक है।

बनास नदी में बहे महिला और पुरुष, महिला को ग्रामीणों ने बचाया, पुरुष का काफी तलाश के बाद मिला शव

बढ़ता राजस्थान



शिवाड़ (नि.स.) । कस्बे के पास सवाई माधोपुर चौथ का बरवाड़ा मार्ग में बह रही बनास नदी में मंगलवार को एक बार फिर से हादसा हो गया। देवली- डिडायच बनास रपट पर बनास नदी पार कर रहे त्रिनेत्र गणेश के पैदल यात्रियों में से दो यात्री पानी के बहाव के साथ बह गए। जिनमें से एक महिला यात्री को स्थानीय लोगों ने बचा लिया। वहीं एक बुजुर्ग पानी मे बह गया ।मौके पर एसडीआरएफ की टीम एवं प्रशासनिक अधिकारी लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे हुए रहे और करीब शाम 6.15 बजे शव बरामद हुआ । ग्रामीण एवं पुलिस प्रशासन के साथ-साथ यात्रा में आए लोगों ने बताया कि सांगानेर तहसील के कुछ गांव से करीब 80 यात्री पैदल यात्रा में गणेश जी सवाई माधोपुर जा रहे थे ।बुधवार सुबह 8.00 बजे के करीब देवली-डिडायच बनास रपट पर नदी पार करने के दौरान एक महिला यात्री ग्यारसी देवी जो कि ट्रैक्टर के पीछे चल रही थी। वह पानी के बहाव के साथ फिसल कर पानी में जा गिरी। इसी को बचाने के प्रयास में गोविंद राम (70) पुत्र राधेश्याम निवासी तेजावाला तहसील सांगानेर जिला जयपुर भी बह गया। आसपास के लोगों की सहायता से महिला ग्यारसी देवी को तो बचा लिया गया, लेकिन गोविंद राम पानी के साथ बह गया। घटना के बाद मौके पर तहसीलदार नीरज कुमार और थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह जाब्ते के साथ मौजूद रहे। बुजुर्ग का पता नहीं लगने पर सवाई माधोपुर से एसडीआरएफ की टीम भी बुलाई गई । देर शाम तक टीम की ओर से लगातार तलाश की जा रही थी और आखिर कार टीम को शाम 6.15 बजे शव मिला । स्थानीय लोग भी टीम के साथ तलाश में लगे हुए थे ।

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के पंजीकरण शिविर में उपभोक्ताओं के किए पंजीकरण, दो दिन तक आयोजित होंगे पंजीकरण शिविर

बढ़ता राजस्थान

निवाई(का.स.)। विद्युत विभाग के तत्वावधान में बुधवार को तीन दिवसीय प्रधामंत्री सूर्य घर योजना के पंजीकरण शिविर का आयोजित हुआ। शिविर में उपभोक्ताओं के प्रधामंत्री सूर्य घर योजना के पंजीकरण किए गए। सहायक अभियंता धनराज टाटावत ने बताया कि बुधवार को वनस्थली जीएसएस एवं वनस्थली मोड औद्योगिक क्षेत्र के जीएसएस पर प्रधामंत्री सूर्य घर योजना के पंजीकरण शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें उपभोक्ताओं के प्रधामंत्री सूर्य घर योजना के पंजीकरण किए गए। कनिष्ठ अभियंता लक्की गोठवाल ने बताया कि बुधवार को अहिंसा सर्किल पर स्थित विद्युत विभाग कार्यालय व झिलाय रोड पर स्थित रिको क्षेत्र विद्युत कार्यालय व झिलाय पावर हाउस पर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक प्रधामंत्री सूर्य घर योजना के पंजीकरण शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में उपभोक्ताओं के प्रधामंत्री सूर्य घर योजना के पंजीकरण किए गए। उन्होंने बताया कि शुक्रवार तक विभाग के वनस्थली जीएसएस, वनस्थली मोड औद्योगिक क्षेत्र जीएसएस, अहिंसा सर्किल पर स्थित विद्युत विभाग कार्यालय, झिलाय रोड पर स्थित रिको क्षेत्र विद्युत कार्यालय व झिलाय पावर हाउस पर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के पंजीकरण किए जाएंगे। उपभोक्ताओं को पंजीकरण के लिए बिजली का नवीन बिल व रजिस्टर्ड मोबाइल साथ में लाना होगा।

निवाई से चाकसू शीतला माता के लिए शुक्रवार को होगी रवाना तृतीय विशाल पदयात्रा

बढ़ता राजस्थान

निवाई (का.स.)। शुक्रवार को प्रात: 7 बजे निवाई से चाकसू शीतला माता के लिए तृतीय विशाल पदयात्रा रवाना होगी। जगदीश सैनी ने बताया कि पदयात्रा को विधि-विधान से ध्वज पूजन के साथ रवाना किया जाएगा । उन्होंने बताया कि पदयात्रा पहाड़ी चुंगी नाका स्थित तेजाजी मंदिर से भव्य जुलूस के साथ रवाना होगी । पदयात्रा का जुलूस पहाड़ी चुंगी नाका से वेयरहाउस,अहिंसा सर्किल, राधा दामोदर सर्किल होता हुआ निकलेगा पदयात्रा में यात्रियों के लिए भोजन की व्यवस्था नि:शुल्क की गई है।

स्टेट हाइवे पिछले एक माह से अधिक अवधि से है बंद

बढ़ता राजस्थान

इसे नियति का खेल कहे या फिर कहें लापरवाही

मालपुरा(कृष्णचन्द्र विजय)। दूदू मालपुरा टोडारायसिंह छाण स्टेट हाइवे पर आवागमन पिछले एक माह से भी अधिक अवधि से बंद हैं लेकिन आज तक यह आवागमन चालू नहीं हो सका है। अब स्टेट हाइवे जैसे मुख्य सड़क मार्ग पर पिछले एक माह से भी अधिक अवधि बंद सड़क मार्ग को नियति का खेल कहा जाए या फिर इसे सम्बन्धित अधिकारियो की लापरवाही कहा जाए।

जयपुर से अजमेर नेशनल हाईवे को जयपुर कोटा नेशनल हाइवे से जोड़ने के लिए दूदू से मालपुरा टोकडारायसिंह होकर छाण तक स्टेट हाइवे का निर्माण किया गया। इस सड़क मार्ग पर भारी व हलके वाहनो का आवागमन निरस्तर रहता है। मालपुरा से टोडारायसिंह की ओर से चलने पर मालपुरा से लगभग 15 किलोमीटर दूर ही टोरड़ी सागर बांध पड़ता है। बांध के भराव क्षैत्र में कम बारिश होने के चलते इस बांध में पानी की आवक कम रहती थी। लेकिन इस बार क्षैत्र सहित बांध भराव क्षैत्र में भारी बारिश के चलते वर्ष 1996 के बाद टोरड़ी सागर की बांध की चादर चली। इतना ही नहीं बल्कि बांध की चादर से भारी मात्रा में पानी की निकासी शुरू हुई थी जो आज भी जारी है। इस निकासी के चलते टोरड़ी सागर बांध की चादर का रपटा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जो आज तक भी क्षतिग्रस्त होने से इस दूदू मालपुरा टोडारायसिंह छाण स्टेट हाईवे पर मालपुरा से टोरड़ी सागर बांध के चादर पर बने रपटें के बाद तक भारी व हल्के वाहनो का आवागमन बंद है जो आज भी बदस्तूर जारी है। आवागमन बंद होने के बावजूद इस क्षतिग्रस्त सड़क मार्ग से गुजरने वाले वाहनो से टोल वसूला जा रहा है। जब इस सड़क मार्ग पर आवागमन ही बंद है तों फिर टोल वसूले का क्या औचित्य है। इस समय सवाल सड़क का नहीं बल्कि टोरड़ी सागर बांध की चादर के पानी की निकासी के लिए बने रपटे के क्षतिग्रस्त होने का है। यह रपटा क्षैत्र में पहली भारी बारिश में क्षतिग्रस्त हो गया था जिस ओर अभी तक सम्बन्धित सरकारी अधिकारियो ने ध्यान नहीं दिया। इतना जरूर है कि विभागीय अधिकारियो ने प्रयास कर व मिट्टी आदि डलवा कर रपटे पर से हल्के वाहनो की आवाजाही शुरू कर दी लेकिन भारी वाहनो का इस क्षतिग्रस्त रपटे से आवागमन आज भी बंद है। इस रोड से गुजरने वाले वाहनो से टोल की वसूली राजस्थान राज्य सड़क विकास निगम कर रहा है तो रोड की मरम्मत का काम भी निगम के पास ही है।

दूदू मालपुरा टोडारायसिंह छाण जैसे महत्वपूर्ण स्टेट हाईवे जो दो नेशनल हाईवे को जोड़ने का काम कर रहा है। इस सड़क मार्ग पर र टोरड़ी सागर बांध की चादर के पानी निकासी के लिए बने क्षतिग्रस्त रपटे के एक माह से भी अधिक अवधि में मरम्मत नहीं होना नियति का खेल माना जाए या फिर इसे सम्बन्धित अधिकारियो की लापरवाही को माना जाए। जिम्मेदार कोई भी हो लेकिन परेशान को आम जन को ही होना पड़ रहा है। जिसमें रोज आने जाने वालो कों तो भारी परेशानी हो रही है। गौरतलब है कि पिछले दिनो राज्य की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने राज्य के सार्वजनिक निर्माण विभाग के उच्चाधिकारियो की बैठक लेकर निर्देश दिए थे कि 1 सितम्बर से क्षतिग्रस्त सड़को की मरम्मत का काम शुरू होना चाहिए। इन निर्देशो के बाद प्रदेश के आम जन को शीध्र आवागमन सुलभ होने की उम्मीद बंधी थी। क्योंकि प्रदेश की जनता को उप मुख्यमंत्री के दावो व निर्देशो पर पूरा विश्वास था। लेकिन अब ये दावे खोखले होते नजर आ रहे हैं और निर्देशो की खुली अवहेलना होती नजर आ रही है। इस संबंध में जानकारी चाहने पर निगम के आला अधिकारियो ने बताया कि टोरड़ी सागर बांध की चादर के पानी की निकासी के लिए मालपुरा टोडारायसिंह राज्य सड़क मार्ग पर बने रपटे की मरम्मत के लिए निगम की ओर से पचास लाख रूपये प्रस्ताव बनाकर भिजवाया हुआ है। जिसके स्वीकृति होते व निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के साथ ही रपटे की मरम्मत का काम तीव्र गति से करवाया जाकर आवागमन को सुचारू करने का प्रयास किया जाएगा।

बिजली गिरने से बिजली हुई गायब, शिवाड़ कस्बे सहित कई गांव घण्टो से अंधेरे में

बढ़ता राजस्थान

शिवाड़ (नि.स.) । मंगलवार रात्रि अचानक मौसम बदलने से क्षेत्र में बिजली गिरने से डिडायच और शिवाड़ के बीच लगे 33 केवी लाइन के पोल के इंसुलेटर फूट गए जिस कारण मंगलवार रात्रि 9.30 बजे से कस्बे सहित आस पास के दर्जन भर गांव में लाइट चली गई । हालांकि शिवाड़ कस्बे में झिलाई (टोंक) से एक अतिरिक्त 33 केवी लाइन है जो इस लाइन में खराबी आने पर उस लाइन से लाइट लेने के लिए लगी हुई है मगर बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से ये लाइन पिछले 6 माह से सिरस गॉव से कटी हुई पड़ी है मगर किसी अधिकारी का कोई ध्यान नही है । आये दिन शिवाड़ से चौथ का बरवाड़ा 33 केवी लाइन फाल्ट हो रही है मगर इस अतिरिक्त 33 केवी झिलाई लाइन को जुड़वाकर विभाग सप्लाई चालू नही करवा रहा है । मामला जब हाई लाइट होता है तो इस लाइन को 2-4 दिन के लिए जोड़ कर पुन: इसे सिरस गॉव से जम्पर हटाकर काट दिया जाता है इससे दर्जन भर गॉवो के लोगो को दूसरी इस लाइन का कोई फायदा नही मिल रहा है । चौथ का बरवाड़ा से शिवाड़ आ रही 33 केवी लाइन आये दिन मौसम में खराब हो रही है जिसके कारण पूरे दिन पूरी रात कस्बे सहित दर्जन भर गॉवो के लोगो को लाइट नही मिल रही है । कल रात्रि बिजली गिरने से इस लाइन के इंसुलेटर जगह जगह फुट गए जिन्हें बिजली विभाग के कर्मचारी बुधवार सुबह से सही करने में लगे हुए थे और कस्बे सहित आस पास के गॉवो की सप्लाई बुधवार को शाम 6 बजे तक भी शुरू नही हुई थी ।

नही देते विधायक ध्यान

दो जिलों में फंसी शिवाड़ की अतिरिक्त 33 केवी झिलाई से आने वाली लाइन काफी समय से सिरस गॉव से हटी हुई है । काफी बार निवेदन के बाद भी विधायक का इस ओर ध्यान नही है इस कारण चौथ का बरवाड़ा से लाइन फाल्ट आने पर शिवाड़ में लाइट गुल हो जाती है । दोनो जिलों में मीटर रिडिंग और शिवाड़ में जिओ लगाने का विवाद है जो उच्च अधिकारियों के दखल से दूर हो सकता है मगर विधायक इस मामले में गंभीर नही होने से लाइन कटी हुई पड़ी है ।

सांसद हरीश मीणा व अधिशाषी अभियंता अशोक सोगानी का सरावगी समाज द्वारा किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

निवाई(का.स.)। सिंचाई विभाग टोंक जिले के अधिशासी अभियंता अशोक जैन सोगानी की राजकीय सेवा से सेवानिवृत्ति होने पर सरावगी समाज के अध्यक्ष शिखरचंद काला के नेतृत्व में पारसनाथ उधान नसिंया जैन मंदिर के प्रांगण पर राजस्थानी परम्परा अनुसार स्वागत सम्मान किया गया। सरावगी समाज के मीडिया प्रभारी विमल जौंला एवं राकेश संघी ने बताया कि समारोह में टोंक सवाई माधोपुर सांसद हरीश मीणा एवं अधिशासी अभियंता अशोक जैन का भी समाज द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर सरावगी समाज के अध्यक्ष शिखरचंद काला, सरावगी समाज के प्रमुख अशोक बिलाला, त्रिलोक जैन, अतुल ठोलिया, महावीर ठोलिया एवं विनय झांझरी सहित कई लोग मौजूद थे।

अतिवृष्टि से खरीफ की फसल चौपट होने के कगार पर, खेतों में भरा हुआ है बरसाती पानी, किसान इंजनों से निकाल रहे हैं पानी

बढ़ता राजस्थान

निवाई(का.स.)। अतिवृष्टि से खेतों खडी खरीफ की फसलेचौपट होने के कगार पर है जिससे किसान चिंतित हैं। गांव राहोली व चनानी में लगातार हो रही बारिश से खेतों में पानी भरा हुआ है। जिस से फसलें गलने लगी हैं। किसान मूलचंद मीणा, प्रभुलाल मीणा, सुरेशकुमार सैनी, बाबूलाल सैनी, रामेश्वर चौधरी, मुकेश सैनी, दयाराम चौधरी, रामदयाल यादव, बाबूलाल यादव, सीताराम गुर्जर, हनुमान गुर्जर व सुरेशकुमार चौधरी ने बताया कि लगातार बारिश होते रहने से खेतों में खड़ी फसलें पानी में डूबी हुई हैं जिससे फसलें पूरी तरह खराब होने के कगार पर हैं। फसलों को बचाने के लिए किसान इंजन चलाकर खेतों से पानी निकाल रहे हैं। लगातार बारिश होने से खेतों में पानी नहीं सूख रहा है। पानी से खेत में बोई गई फसलें पीली पडकर खराब हो चुकी हैं। किसानों ने कर्ज लेकर खेतों में बोई गई तिल, बाजरा, ज्वार, मूंग, उड़द व मूंगफली सहित कई फसलें पानी में डूबी हुई हैं। ज्वार, बाजरा व तिल की फसले पानी में रहने से पीली पडक़र खराब हो चुकी हैं। किसानों ने बताया कि इस बार अच्छी पैदावार लेने के लिए कई बार खेतों की जुताई कर 700 से 800 रूपये किलों तक का बीज खरीद कर बुवाई की थी। लेकिन बारिश से उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया है। किसानों ने जिला कलेक्टर से सर्वे करवाकर शीघ्र मुआवजा दिलवाने की मांग की है।

जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ समाज द्वारा केकड़ी में श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाया जा रहा है पर्यूषण पर्व, बुधवार को निकाली शोभायात्रा

बढ़ता राजस्थान

केकड़ी (संजय कटारिया)। जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ संघ के तत्वावधान में तप, त्याग व आराधना का महापर्व पर्यूषण केकड़ी नगर में श्रद्धा व भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस दौरान प्रतिदिन स्नात्र पूजा, बड़ी पूजा, रात्रि भक्ति सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। बुधवार को कल्पसूत्र वांचन में भगवान महावीर के जन्म कल्याणक का प्रसंग आने पर सब्जी मण्डी स्थित चन्द्रप्रभु मन्दिर में भक्ति संगीत के साथ विशेष उत्सव मनाया गया। भजन गायकों ने प्यारा है लालना, बहारों फूल बरसाओं प्रभु महावीर जन्मे है, बोलो जय जयकार, मेरूगिरी ले जाए तेरे लाल को मां त्रिशला, बाजे कुण्डलपुर में बधाई सहित कई भजन प्रस्तुत कर उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति रस से सराबोर कर दिया।

संघ अध्यक्ष जितेन्द्र सिंघवी ने बताया कि इस दौरान त्रिशला माता के चौदह स्वप्नो की बोलियां लगाई गई। कल्पसूत्र वांचन का लाभ सुभाषचन्द अमितकुमार चौरड़िया परिवार ने प्राप्त किया। इस अवसर पर भगवान महावीर के चित्र को चांदी के पालने में सजाकर विशाल शोभायात्रा जुलूस निकाला गया। जुलूस में महिलाएं चौदह स्वप्नो को सिर पर धारण कर चल रही थी। जुलूस लाभार्थी परिवार के निवास स्थान पर पहुंच कर सम्पन्न हुआ। पालने की बोली का लाभ शांतिलाल विकासकुमार विनीतकुमार चौरड़िया परिवार ने प्राप्त किया। बुधवार को सब्जी मण्डी स्थित चन्द्रप्रभु मंदिर सहित बघेरा रोड स्थित शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर व दादाबाड़ी में जिनेन्द्र प्रतिमाओं की भव्य आंगी रचना की गई व मंदिर परिसर को चित्ताकर्षक ढंग से सजाया गया। इस अवसर पर उदयसिंह धम्माणी, गौतम सिंह बग्गाणी, राजेन्द्र धूपिया, गौतम चन्द रूपावत, छीतरमल मेड़तवाल, भंवरलाल मेड़तवाल, कुशल चौरड़िया, उमरावमल मेड़तवाल, निहालचन्द मेड़तवाल, नीरज लोढ़ा, अमित धूपिया, निहालचन्द मेड़तवाल, छोटूलाल पालडेचा, नवीन ताथेड़, सुरेन्द्र सिंह सिंघवी, मांगीलाल ताथेड़ सहित समाज के श्रेष्ठीजन उपस्थित थे।

जिला कारागृह, टोंक का निरीक्षण कर जानी बंदियों की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

टोंक, (का.स.)। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दिनेश कुमार जलुथरिया ने जिला कारागृह का बुधवार को निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। न्यायाधीश द्वारा निरीक्षण के दौरान बंदियों को कारागृह में मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं व बंदियों से उनके मुकदमों की स्थिति एवं अधिवक्ता के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा अधिवक्ता न कर पाने की स्थिति में नि:शुल्क विधिक सहायता के तहत प्राधिकरण द्वारा अधिवक्ता उपलब्ध करवाने के संबंध में जानकारी प्रदान की। निरीक्षण के दौरान जमानत होने के बावजूद कारागृह में निरुद्ध विचाराधीन बंदियों को जमानत शर्तों के मुताबिक जमानत मुचलके पेश करने एवं आवश्यक विधिक सहायता प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। न्यायाधीश ने जिला कारागृह में निरीक्षण के दौरान भोजन की गुणवता, परिसर की साफ-सफाई, विधिक सेवा क्लिनिक, महिला एवं पुरूष बैरक का निरीक्षण किया।

इस दौरान जेल अधीक्षक वैभव भाराद्वाज, अति. पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार, कारापाल राजेश कुमार मीणा, चीफ एलएडीसीएस रमेश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

नगरपालिका अध्यक्ष ने भाजपा परिवार की सदस्यता ग्रहण की

बढ़ता राजस्थान

मालपुरा(नि.स.)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रच्यापी सदस्यता अभियान के अन्तर्गत बुधवार को नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी से भाजपा परिवार की सदस्यता ग्रहण कर आम जन से भाजपा की सदस्यता लेने का आव्हान किया है।

भाजपा परिवार की सदस्यता ग्रहण करने के बाद नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी ने अपील जारी कर बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में देश लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है। टीक इसी तरह प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राजस्थान प्रदेश में भी विकास की ऊंचाईयां छूने को लगातार अग्रसर हो राहा है। साथ ही प्रदेश के जलदाय मंत्री एवं क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी के निर्देशन में मालपुरा क्षैत्र विकास के नए आयाम लिख कर प्रदेश में मालपुरा क्षैत्र के विकास की नई इबारत लिखने को तैयार है। इन सबको देखते हुए और विकास को लगातार आगे बढ़ाने के साथ साथ प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व जलदाय मंत्री के हाथ मजबूत करने के लिए हर आम जन भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के दौरान सदस्य बन कर विश्व के सबसे बड़ें राजनेतिक संगठन के सदस्य बनने का सौभाग्य प्राप्त करें। इसके लिए जो भी आम जन भाजपा की सदस्यता ग्रहण करना चाहता है उसको केवल मोबाइल नं. 8800002024 पर मिस्डकाल कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की जा सकती है।

तलाब की ढाणी में एक मकान पर गिरी आकाशीय बिजली, बालिका के लगा करंट का झटका

बढ़ता राजस्थान

निवाई(का.स.)। गांव भांवता की तलाब की ढाणी में बुधवार को बादलों की तेज गडगडाहट के साथ एक मकान पर आकाशीय बिजली गिर गई। ढाणी निवासी धारासिंह पुत्र केसरलाल बैरवा ने बताया कि उनके मकान पर बादलों की तेज गडगडाहट के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे मकान में नुकसान हुआ है एवं उनकी 10 वर्षीय भतीजी खुशी के करंट का झटका लगा।

जिससे वह सहम गई। और उन्होंने बताया कि ईश्वर की कृपा से बडा हादसा टल गया है।

शिक्षक दिवस विशेष

समाज की रीढ़ है शिक्षक : विजयलक्ष्मी

शिक्षा वह प्रेरणा स्रोत है, जो समाज को पूर्ण सफलता की ओर अग्रेषित कर विकास रूपी रथ के पहिए को आगे बढ़ाता है। शिक्षक राष्ट्र की संस्कृति के चतुर माली होते हैं। वे संस्कारों की जड़ों में खाद देते हैं और अपने श्रम से सींच कर उन्हें शक्ति में निर्मित करते हैं। यदि शिक्षक स्वयं अपने ही व्यक्तित्व को जान ले कि

'भर सकते हो जीवन में ऐसा उत्साह,
हो तुम अक्षय प्रकाश पुंज,
दे सकते हो ज्ञान का उजाला।
जो हो अद्भुत और निराला।।

शिक्षक यह कभी न भूलें की शिष्यों की अनगिनत आंखें उसे घूर रही है, उसके एक-एक क्रियाकलाप को सूक्ष्मता से परख रही है। उसे प्रत्येक पग बड़ी सावधानी से उठाना है, प्रत्येक शब्द नाप-तोल कर बोलना है। गुरु के व्यक्तित्व की छाप शिष्य पर पड़ती है। शिक्षक को चाहिए कि वह एक स्वच्छ नदी की भांति आगे बढ़ते हुए आने वाले तमाम बाधाओं को पार करते हुए अपने ज्ञान से प्यासों की प्यास बुझाए, जहां तक पहुंच सके अपने ज्ञान रुपी जलधारा से हरित क्रांति लाएं। आज के इस महत्वकांक्षी युग में जहां संयुक्त परिवार विघटित हो रहे हैं। तकनीक एवं प्रतिस्पर्धा का बोलबाला है। मानवीय जीवन एक संघर्ष बन चुका है ऐसे में एक प्रभावी निर्देशन की आवश्यकता स्वाभाविक ही है। आज हमारी भारतीय सभ्यता पश्चिमी सभ्यता की चकाचौंध में धूमिल होती हुई नजर आ रही है। आज के युवा वर्ग ने स्मोकिंग एंड ड्रिंकिंग को अपनी लाइफ स्टाइल बनाया हुआ है तो कैरियर के नाम पर 20 लाख, 25 लाख या 40 लाख के पैकेज की बात करते सुना जाना आम बात है जो कि सबसे बड़ा कंफ्यूजन है। जिसके अंतर्गत आज पश्चिमी सभ्यता का अंधानुकरण तथा पैकेज सिस्टम के सब्जबाग दिखाए जा रहे हैं।

'नई सभ्यता का ये कैसा असर है
ना कोई मंजिल ना कोई डगर है
किए बंद आंखें चले जा रहे हैं
न मालूम किसी की सवेरा किधर है।'

ऐसे में शिक्षक का ही दायित्व है, शिक्षक का ही धर्म है, शिक्षक का ही चिंतन है, शिक्षक का ही कर्म है, देश और समाज की आवश्यकताओं को समझना और उसके अनुरूप नागरिकों और कार्मिकों को तैयार करना और उनके सहयोग से देश और समाज को नई दिशा और गति प्रदान करना।

इतिहास गवाह है- चाणक्यों ने चंद्रगुप्त तैयार किए हैं और नंदो को उखाड़ा है। औरंगजेबों को पछाड़ा है, हठी सिकंदरों का मुख मोड़ा है समर्थ गुरु रामदासों ने ही शिवाजी तैयार किए हैं। शिक्षक और शिक्षार्थी ने हीं सदियों की गुलामी से आजादी दिलाई है तो शिक्षकों ने ही मिसाइल मैन तैयार किए हैं।

विजयलक्ष्मी
व्याख्याता ,महात्मा गांधी राजकीय
विद्यालय खेड़ली सैयद, अलवर

डांग के बाबू महाराज के मेले में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, हजारो ने लगाई बाबा को ढोक

गुरुवार को लगेगी बाबू की दूज पर वार्षिक जात, दूर-दूर से आएंगे श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। उपखंड के सोने का गुर्जा थाना क्षेत्र के कूदिन्ना के थून पर तीन दिवसीय बाबू महाराज का मेला आयोजित हो रहा है जिसमें बुधवार को दूसरे दिन डांग के हर रास्ते पर श्रद्धा का सैलाब दिखाई दे रहा है। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ मेले की ओर जाती दिखाई दी। ऐसे में बाबू महाराज के मंदिर पर पहुंच रहे श्रद्धालु बाबा को ढोक लगाने के साथ बुरे का प्रसाद चढ़ा रहे हैं। पद यात्रियों के लिए मेले में जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया गया है।

मेले में सुरक्षा की कमान पांच थानों की पुलिस ने संभाल रखी है वही बाड़ी एसडीएम राधेश्याम मीणा एवं तहसीलदार मोहम्मद हनीफ खां के साथ राजस्व विभाग के भू अभिलेख निरीक्षक एवं पटवारी जगह-जगह तैनात किए गए हैं। मेला आयोजन को लेकर बाबू महाराज मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारी राममुकुट गुर्जर, शीशराम गुर्जर ने बताया कि आज दूसरे दिन मेले में अपार भीड़ पहुंच रही है।

जगह-जगह श्रद्धालुओं के लिए पानी की प्याऊ और विश्राम की व्यवस्था की है। सुबह से ही उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश के साथ दिल्ली हरियाणा तक से आने वाले यात्री मेले में वाहनों से पहुंच रहे हैं। जिनके लिए पार्किंग व्यवस्था भी की है।

बाबू महाराज की वार्षिक जात गुरुवार को : बाबू महाराज मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष मास्टर भगवान सिंह गुर्जर ने बताया कि बाबू महाराज का मेला तीन दिवसीय लगाया गया है। जो मंगलवार से आयोजित हो रहा है। बाबू महाराज की वार्षिक जात गुरुवार को भादो मास शुक्ल पक्ष दूज को होगी। जिसमें हजारों की संख्या में लोग पहुंचेंगे। रात्रि में बाबू महाराज द्वारा दुखियारी की सुनवाई की जाएगी। जिसमें मुख्य रूप से सफेद दाग की बीमारी से पीड़ित लोग और उनके परिजन पहुचते है।

बीसलपुर के जंगल में मिले नरकंकाल किसी प्रेमी युगल के होने की संभावना

डेढ़-दो महीने पुराने है कंकाल, जंगली जानवरों के नोचने से बिखरी अस्थियां

बढ़ता राजस्थान

केकड़ी (संजय कटारिया)। केकड़ी जिले में टोडारायसिंह उपखण्ड के बीसलपुर वन क्षेत्र में मंगलवार को मिले दो नरकंकाल किसी प्रेमी युगल के होने की संभावना जताई गई हैं। प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया कि इनमें एक पुरुष का व एक महिला का कंकाल है। कपड़ों से लिपट हुए ये दोनों कंकाल बीसलपुर वन क्षेत्र के पहाड़ी जंगल में गोबरया बालाजी के निकट एक साथ पेड़ पर रस्सी से झूलते हुए पाए गए थे। अभी तक इनकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार अज्ञात परिस्थितियों में रस्सी से

लटका नर-मादा का यह जोड़ा बिखरे हुए कंकाल की शक्ल में मिला। मौके पर डेढ़ सौ-दो सौ मीटर तक दुर्गंध फैली हुई थी। आशंका है कि कंकाल बन चुके ये शव डेढ़ से दो माह पुराने हैं। इन्हें जंगली जानवरों के नोचने के भी निशान है, जिससे इन कंकालों की अस्थियां भी बिखरी हुई पाई गई। पुलिस को मौके पर से एक मोबाइल भी मिला है, जिसके आधार पर पुलिस दोनों कंकाल की शिनाख्त करने में जुटी हुई है। पुलिस ने कंकाल व बिखरी अस्थियों को बोरे में भरकर टोडारायसिंह सीएचसी स्थित मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस के अनुसार मंगलवार को बीसलपुर व थड़ोली के मध्य पहाड़ी वनक्षेत्र स्थित गोबरया बालाजी के निकट पेड़ पर रस्सी के सहारे दो शव लटके होने की सूचना मिली थी। सूचना पर थाना प्रभारी सुरेन्द्र गोदारा मय पुलिस जाप्ते के मौके पर पहुंच गए। पुलिस को मौके पर घने जंगल के बीच पहाड़ी वन क्षेत्र में एक पेड़ पर रस्सी के सहारे कंकाल में तब्दील नर व मादा के दो शव मिले। सूचना पर केकड़ी पुलिस अधीक्षक विनित बंसल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामचंद्र व पुलिस उपअधीक्षक हर्षित शर्मा भी मौके पर पहुंच गए। प्रथम दृष्टया कपड़ों से लिपटे शव किसी युवक व युवती के हैं। पुलिस ने दोनों के प्रेमी युगल होने की संभावना जताई है। पहाड़ी वन क्षेत्र में नरकंकाल मिलने के बाद टोंक से एफएसएल टीम व फोरेंसिक टीम बुलवाई गई। जिन्होंने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए है। पुलिस मौके पर मिले मोबाइल व कपड़ों के आधार पर मामले की तह तक जाने मृतकों की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है।

गुरु वन्दन-छात्र अभिनंदन कार्यक्रम

10 शिक्षक एवं 10 विद्यार्थियों का सम्मान किया

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। भारत विकास परिषद् अलवर द्वारा इस वर्ष का प्रथम गुरु वन्दन - छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को ओसवाल पब्लिक स्कूल, अग्रसेन मार्ग अलवर पर किया गया। शाखा सचिव राधे श्याम ने बताया कि विद्यालय में 850 विधार्थी व 40 शिक्षक है , जिसमें से अलवर शाखा द्वारा विभिन्न स्तरों में श्रेष्ठ परिणाम देने वाले 10 शिक्षक एवं 10 विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के पश्चात् श्री रमन सोनी ने भारत विकास परिषद् की स्थापना, उद्देश्य एवं संस्कार व सेवा के कार्यक्रमो के बारे में बताया तत्पश्चात् श्री अतुल माथुर ने गुरू - शिष्य के सम्बन्ध व महत्व के बारे में बताया। श्री अमित गोयल ने बच्चों, शिक्षकों एवं सभी को राष्ट्र के प्रति समर्पण एवं बच्चों को अच्छा नागरिक बनने की शपथ दिलाई। अन्त में सचिव श्री राधे श्याम ने विद्यालय समिति का आभार व्यक्त किया। डायरेक्टर श्री विनोद कुमार शर्मा एवं प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा मिश्रा और उनकी पूरी टीम ने भरपूर सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती श्वेता जैन ने किया। कार्यक्रम में अलवर शाखा की ओर से श्री सुरेश गोयल , अशोक गुप्ता, श्रीमती नीना सोनी , कार्यक्रम प्रकल्प प्रमुख ई. पी के शर्मा , रमन सोनी , अतुल माथुर , अमित गोयल, राधे श्याम आदि ने भाग लिया।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने शुरू किया सदस्यता अभियान

जिले में 2 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य, बूथों पर पहुंचकर बनाए जाएंगे सदस्य

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि.स.)। देश भर में भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान 2 सितंबर से शुरू हो गया है। अभियान को गति देने के लिए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा धौलपुर पहुंचे, जहां भाजपा कार्यालय से सदस्यता अभियान की शुरुआत करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष ने सदस्य बनने के लिए कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक पहुंचाने के निर्देश दिए।

भाजपा कार्यालय पर पहुंचे प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा ने बताया कि 2 सितंबर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश भर में भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई है। धौलपुर जिले में भी 2 लाख सदस्य जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति नमो एप, क्यूआर कोड और मिस कॉल के जरिए

भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर सकता है। भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि वर्ष 2014 के बाद भाजपा ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी को पीछे छोड़कर सबसे अधिक कार्यकर्ताओं वाली पार्टी का रिकॉर्ड बनाया हैं। अगले डेढ़ महीने तक चलने वाले सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेश उपाध्यक्ष ने बताया कि प्रत्येक कार्यकर्ता जिले की चारों विधानसभा के प्रत्येक बूथ पर पहुंचेगा। जहां कार्यकर्ता निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए नए सदस्य जोड़ने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सत्ता के लिए नहीं बल्कि समाज को जोड़ने का काम करती है। जिसको लेकर प्रत्येक बूथ पर 200 से अधिक कार्यकर्ता को पार्टी की विचारधारा से जोड़ा जाएगा। भाजपा कार्यालय पर सदस्यता अभियान की शुरुआत कर जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर के साथ भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा ने कार्यकर्ताओं की बैठक भी ली।

केकड़ी में दस दिवसीय विराट तेजा मेला आज से

मेले में कई सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेल प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन, विराट कवि सम्मेलन दस को

बढ़ता राजस्थान

केकड़ी (संजय कटारिया)। केकड़ी में लोकदेवता वीर तेजाजी की याद में भरने वाला प्रदेश का सुप्रसिद्ध विराट तेजा मेला इस वर्ष 5 से 14 सितंबर तक आयोजित होने जा रहा है। मेले का शुभारंभ गुरुवार को पुरानी केकड़ी स्थित प्राचीन चारभुजा मंदिर से कलश यात्रा के साथ होगा। इस यात्रा में महिलाएं 2100 कलश लेकर शामिल होंगी। यह कलश यात्रा मुख्य बाजार से होते हुए बीजासण माता मंदिर परिसर में स्थित तेजाजी थान तक पहुंचेगी, जहां मेले के ध्वज का पूजन कर उसे परिषद कार्यालय में स्थापित किया जाएगा। मेले के सभी कार्यक्रम परिषद के रंगमंच पर सम्पन्न होंगे। मेला भराने के लिए परिषद द्वारा 50 लाख रुपयों का बजट पारित किया गया है। नगर परिषद की मेला कमेटी के संयोजक कैलाश चौधरी ने बताया कि ध्वजारोहण के पश्चात दोपहर को रंगोली और मेहंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। शाम को सात बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। छह सितंबर को सुबह ग्यारह बजे से विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया जाएगा। इनमें महिला-पुरुष की अलग अलग कबड्डी, रस्सा-कस्सी और मटकी दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं शामिल है। शाम सात बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साफा बंधन और पारंपरिक पोशाक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। सात सितंबर को शाम सात बजे स्थानीय प्रतिभाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। आठ सितम्बर को शाम सात बजे आर्केस्ट्रा का रंगारंग कार्यक्रम होगा। नौ सितम्बर को शाम सात बजे भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें गायिका आकृति मिश्रा और रतन राव द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

कोतवाली थाने में हुई सीएलजी सदस्यों की बैठक

चोरी, जाम,सट्टे को लेकर कार्यवाही की मांग

नशे की युवाओ में बढ़ती लत, एंटी रोमियो अभियान को लेकर भी मांग

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। शहर के कोतवाली थाने में थाना प्रभारी शिवलहरी मीणा के अध्यक्षता में सीएलजी सदस्यों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बाबू महाराज मेले और नगर पालिका के पार्षद उपचुनाव को लेकर चर्चा की गई और सभी सदस्यों से सहयोग का पुलिस प्रशासन द्वारा आग्रह किया गया। इसके बाद सदस्यों ने शहर में बढ़ गई चोरी की वारदातों, ऑनलाइन सट्टे और शहर के मुख्य बाजार में जाम की समस्या से पुलिस प्रशासन को अवगत कराया। सदस्य ने आरोप लगाया कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो उक्त समस्या और जटिल हो जाएगी। सीएलजी सदस्य अनिल गोयल आरटीआई ने मांग की की पुलिस ने जो एंटी रोमियो अभियान चलाया है वह निरंतर जारी रहना चाहिए साथ में शहर के बालिका विद्यालय के बाहर

रोड पर जो फास्ट फूड की दुकान लगती हैं उन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगना चाहिए। जिससे वहां मनचले युवकों और आवारा तत्वों का जमावड़ा नहीं हो।

सीएलजी सदस्य बनवारी लाल शिवहरे ने पुलिस प्रशासन से मांग की की शहर में सीताराम बाजार और आसपास के क्षेत्र में हर वक्त जाम की समस्या रहती है। जिसके पीछे सड़क पर ठेल-ढकेलो का अड़ा तिरछा लगना है। ऐसे में वहां से सहजता से कोई भी वाहन नहीं निकल पाता और स्थिति यह है कि यदि ढकेल वालों को साइड में करने की कहा जाए तो वह झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। बैठक के दौरान रोशनी शिवहरे, आरती शिवहरे, राजेश मुद्गल, राकेश दीक्षित, विष्णु महेरे, रामकुमार मीना, जगदीश जगरिया, सुरेंद्र सिंह परमार, जगन्नाथ कोली, रशीद खां,राजकुमार भारद्वाज, मुकेश विधोलिया सहित सीएलजी सदस्य मौजूद रहे।

पीड़ित व जरूरतमंद बुजुर्गों के लिए केकड़ी में 25 बेड का पहला आवासीय वृद्धाश्रम शुरू

जिला कलक्टर ने किया उद्घाटन

बढ़ता राजस्थान

केकड़ी (संजय कटारिया)। राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा पारिवारिक उत्पीड़न का शिकार, निराश्रित व नि:संतान वृद्ध महिला पुरुषों को सम्मानजनक जीवन मुहैया कराने के उद्देश्य से शुरू की गई एक योजना के तहत केकड़ी में एक आवासीय वृद्धाश्रम शुरू किया गया है। यहां कादेड़ा रोड़ पर दुर्गा कॉलोनी में बनाये गए इस पच्चीस बेड के अनुदानित वृद्धाश्रम का आज बुधवार को जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने उद्घाटन किया। उन्होंने इस मौके पर आश्रम की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया और वहां के व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस वृद्धाश्रम का संचालन एमएमएम शिक्षण एवं जन शिक्षण संस्थान टोंक द्वारा किया जा रहा है।

समाज कल्याण अधिकारी इंद्रजीत सिंह ने बताया कि इस तरह के वृद्धाश्रम प्रदेश में 19 जिलों के लिए स्वीकृत किये गए हैं, जिनमें से पहली बार केकड़ी जिले में इसे शुरू किया गया है। इस आश्रम में 25 बेड की क्षमता है, जहां वृद्धों के लिए आवास, भोजन, चिकित्सा सुविधा और रोजमर्रा की अन्य जरूरतों की पूर्ति की जाएगी। यह आश्रम 55 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं और 60 वर्ष से अधिक आयु के पुरुषों के लिए है, चाहे वे भारत के किसी भी राज्य के निवासी हों। वे यहां आश्रय लेकर राज्य सरकार द्वारा संचालित सुविधाओं का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

बिना फिटनेस संचालित 40 वाहनों को जारी किए नोटिस

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि.स.)। जिला परिवहन अधिकारी देवानंद ने अवगत कराया कि वाहन पोर्टल पर उपलब्ध रिकार्ड के अनुसार माह अगस्त 2024 के जिन भार वाहनां की फिटनेस वैध नहीं जो कि सड़क सुरक्षा की दृष्टि से आमजन को हानि पहुँचा सकते हैं एवं साथ में बकाया टैक्स मे डिफॉल्टर है ऐसे वाहनों के वाहन स्वामियों को नियमानुसार वाहनों के पंजीयन निलम्बन हेतु नोटिस तथा डिजीटल माध्यम के द्वारा वाहन स्वामियों के मोबाईल नम्बर पर अपना पक्ष रखने हेतु मैसेज भी करवाकर अपना पक्ष रखने हेतु समुचित अवसर प्रदान किये गए हैं। नियत दिनांकों को सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं होने पर ऐसे वाहन स्वामियों के वाहनां का सम्बन्धित कानूनी प्रावधान एवं मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 53(1) के अन्तर्गत परिवहन कार्यालय द्वारा पंजीयन प्रमाण पत्र का निलम्बन कर दिया जयेगा। पूर्व माहों में भी ऐसी 381 वाहनों के बिना वैध फिटनेस के वाहनों की आरसी निलंबित की जा चुकी है।

शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान

खाद्य पदार्थों के लिए नमूने

बढ़ता राजस्थान

धौलपुर (नि.स.)। आमजन को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर में शुद्ध आहार- मिलावट पर वार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देश पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला कलेक्ट्रेट के सामने स्थित मोर मुकुट मिष्ठान भण्डार से एक पनीर व एक केसर बर्फी का नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया कि लिए गये नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला में भिजवाया गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने पर आगे कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो इसके लिए खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा लगातार खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे हैं।

सावर में आकाशीय बिजली गिरने से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जले, छत की पट्टियों में आई दरारें

बढ़ता राजस्थान

केकड़ी (नि.स.)। केकड़ी जिले के सावर कस्बे में बुधवार सवेरे एक मकान पर आकाशीय बिजली गिर गई। घटना से घर में रखे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गए। हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को सावर कस्बे के कहार मोहल्ले में घनश्याम राव पुत्र गोविंद राव के मकान पर आकाशीय बिजली गिर गई। आसमान में बादलों की गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली गिरने से मोहल्ले के लोग सहम गए। आकाशीय बिजली गिरने से लोगों में हड़कंप मच गया।

शिक्षक दिवस पर शिक्षा विभाग द्वारा केकड़ी ब्लॉक के तीन शिक्षकों का होगा सम्मान

बढ़ता राजस्थान

केकड़ी (नि.स.)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय केकड़ी में गुरुवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में केकड़ी ब्लॉक के तीन शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वाले शिक्षकों में प्राथमिक स्तर पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ग्राम जाल का खेड़ा के प्रधानाध्यापक रामधन कुमावत, उच्च प्राथमिक स्तर पर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ग्राम मण्डा की अध्यापिका शबाना बानो और कक्षा नौ से बारह के वर्ग में राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय केकड़ी के व्याख्याता हरिनारायण बिदा शामिल है। इन तीनों शिक्षकों ने वरीयता निर्धारण हेतु सौ अंको की सूक्ष्म अंक योजना में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर अपने-अपने कक्षा वर्गों में केकड़ी ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन सभी को पुरस्कार स्वरूप स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र एवं इक्यावन सौ रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। गौरतलब है कि शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक कार्यों में उत्कृष्ट परिणाम के लिए अध्ययन-अध्यापन में सतत सुधार एवं प्रोत्साहन के लिए प्रति वर्ष पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर एक समारोह आयोजित कर वरियता के आधार पर पात्र शिक्षकों का सम्मान किया जाता है।

सरकार संवैधानिक मूल्यों के आधार पर काम करने वाली है: प्रभुलाल सैनी

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। भाजपा सदस्यता अभियान लॉन्च करने के लिए पूर्व मंत्री और प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुलाल सैनी कोटा पहुंचे। उन्होंने सेवन वंडर के नजदीक एक निजी होटल में भाजपा का सदस्यता अभियान लॉन्च किया। इस दौरान उन्होंने मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं को सदस्य भी बनवाया। इस दौरान मंत्री और विधायक के बीच तबादले को लेकर हुए विवाद पर प्रभुलाल सैनी ने कहा कि भाजपा की यह खासियत है कि हमारी सरकार संवैधानिक मूल्यों के आधार पर काम करने वाली है। सभी विधायकों व पदाधिकारी का सम्मान करने का दायित्व सरकार का है। कहीं न कहीं कम्युनिकेशन गैप के कारण बात बिगड़ जाती है तो पार्टी उनको गंभीरता से लेती है। इसी गंभीरता से भारतीय जनता पार्टी एक मुखी होकर राजस्थान के चहुंमुखी विकास के लिए काम करते हैं। स्थानांतरण के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि तबादलों को लेकर कोई भी बात नहीं है. कुछ विभाग में ट्रांसफर पॉलिसी बन गई है, कुछ में बन रही है. सैनी ने कहा कि पिछली बार बड़े स्तर पर स्थानांतरण हुए भी हैं. जनप्रतिनिधियों से प्रस्ताव हम लोग भी मांग रहे हैं, लेकिन राज्य हित में और जनहित में जहां पर आवश्यकता होगी, वहां अधिकारी, कर्मचारियों का ट्रांसफर होगा. यह आम धारणा है कि स्थानांतरण करने से सरकारों पर ज्यादा फर्क नहीं पड़ता है। सैनी ने कहा कि हम लोग ज्यादा प्राथमिकता इसको देते हैं कि अनुशासनहीनहीनता करने वाले अधिकारी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त एक्शन हो। ऐसे कर्मचारी जो जानबूझकर जनता और जनप्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं, उनका स्थानांतरण किया जाएगा और कार्रवाई भी होगी।

इस दौरान विधायक संदीप शर्मा, जिला अध्यक्ष राकेश जैन, प्रेम गोचर, योगेंद्र नंदवाना अलकू व अरविंद सिसोदिया सहित कई नेता मौजूद रहे।

वसुन्धरा राजे ने ली भाजपा की सदस्यता बोली धैर्य रखो तो मंज़िल ज़रूर मिलती है

वसुन्धरा राजे बोली घूम लिया मैंने जग सारा, अपना घर है सबसे प्यारा

बढ़ता राजस्थान

झालावाड़ (नि.स.)। पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने झालावाड़ में भाजपा की सदस्यता ली और कहा कि घूम लिया मैंने जग सारा,अपना घर है सबसे प्यारा।उन्होंने कहा कि मुझे जयपुर में सदस्यता ग्रहण करने के लिए कहा गया था,लेकिन मैंने निर्णय लिया कि मैं अपने घर झालावाड़ में ही सदस्यता लूँगी।इस अवसर पर सदस्यता अभियान के सह संयोजक विधायक निर्मल कुमावत भी मौजूद थे।

राजे ने कहा कि 21 अक्टूबर 1951 में हमारी विचारधारा का जो जनसंघ रूपी कारवां शुरू हुआ,वह आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन चुका है।यह हमारे कार्यकताओं की

बदौलत हुआ। कार्यकर्ताओं के धैर्य की वजह से हुआ। यदि धैर्य रखा जाये तो मंज़िल ज़रूर मिलती है। हमारे कार्यकर्ताओं ने धैर्य रखा तो आज भाजपा इस मुक़ाम पर पहुँची। हमारे कार्यकर्ताओं के लिए पद नहीं,संगठन सर्वोपरि है। वे खुद के लिए नहीं संगठन के लिए जीते हैं। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा भी था जब देश में जनसंघ की सिर्फ़ 3 सीटें हुआ करती थी। आज देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उसी विचारधारा भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार है। एक जमाना था जब किसी गाँव में सरपंच तक बीजेपी का नहीं मिलता था,आज देश के अधिकांश प्रदेशों में भाजपा या उसके सहयोगी दलों की सरकारें हैं। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रख कर राज्य अभाव अभियोग निराकरण समिति के पूर्व अध्यक्ष स्व.श्रीकृष्ण पाटीदार को 2 मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी। इससे पूर्व राजे स्व.पाटीदार के गाँव दुर्गापुरा पहुँची। वहाँ उन्होंने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। परिजनों को ढाढ़स बँधाया। इस अवसर पर आरपीएससी के पूर्व अध्यक्ष श्याम शर्मा, सदस्य अभियान के सह संयोजक निर्मल कुमावत, विधायक गोविंद रानीपुरिया, विधायक कालू मेघवाल, पूर्व विधायक नरेन्द्र नागर, ज़िला प्रभारी छगन माहुर, ज़िला प्रमुख प्रेम बाई दाँगी वपूर्व ज़िला अध्यक्ष संजय जैन आदि मौजूद थे।

शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान

खाद्य सुरक्षा टीम ने कुकिंग मिडियम का एक नमूना लेकर 480 डब्बों में रखा 360 लीटर माल किया सीज

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिलावट के खिलाफ अभियान के तहत अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह के मार्गदर्शन में आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण इकबाल खान एवं अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा एवं जिला कलेक्टर डॉ रवींद्र गौस्वामी के निर्देशन में मिलावटखोरी रोकने के लिए विभिन्न खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए जा रहे है। अभिहित अधिकारी एंव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जगदीश सोनी ने बताया कि 4 सितम्बर को मुखबिर की सूचना के आधार पर बालिता रोड पर बिजय ट्रेडिंग कम्पनी पर छापा मारा गया, यहां 20 कार्टन (प्रत्येक कार्टन में एक लीटर के 12 नग) 10 कार्टन (प्रत्येक कार्टन में 500 द्रव्य वाले 24 नग) कुकिंग मिडियम (दक्ष ब्रांड) रखा हुआ था जिसे विभिन्न तेलों से मिलाकर बनाया हुआ था और विक्रेता ने ईसे दिल्ली स्थित मैसर्स भारत फूड प्रोडक्ट्स से खरीदना बताया और बाजार में लगभग 200 रु प्रति लीटर के भाव से बेचना बताया। मिलावट के संदेह पर यहां से एक नमूना खाद्य सुरक्षा एंव मानक अधिनियम के तहत लिया जाकर 30 कार्टन में रखे एक लीटर वाले 240 डब्बे एंव आधा लीटर वाले 240 डब्बों में रखा कुल 360 लीटर माल सीज किया। नमूनो को खाद्य सुरक्षा प्रयोगशाला कोटा में भेजा गया। जांच रिपोर्ट आने के बाद नियम अनुसार विधिक कार्यवाही की जावेगी। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप अग्रवाल, सहायक गजेन्द्र नागर व होम गार्ड योगेन्द्र सिंह हाड़ा मौजूद रहे।

भगवान महावीर स्वामी का जन्म उत्सव हर्षोलाल्स व जयकारों के साथ मनाया

बढ़ता राजस्थान

चौमहला(नि.स.)। झालावाड़ जिले के चौमहला में जैन श्रेयांस नाथ मंदिर में बुधवार को पर्युषण पर्व के पाँचवे दिन भगवान महावीर स्वामी का जन्म उत्सव हर्षोलाल्स व जयकारों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भगवान महावीर स्वामी की आकर्षक झांकी सजाई गयी, तथा भगवान महावीर की माता त्रिशला को आये 14 सपनो की बोली लगायी गयी जिसका समाज के लोगो ने बढ़ चढ़ कर लाभ लिया ,जैसे ही साध्वी सौम्य रत्ना श्रीजी महाराज ने जन्म वाचन सुनाया पूरा पांडाल जयकारों से गूंज उठा तथा थाली बजा कर खुशी जाहिर की गयी। तथा मंदिर व समाजजन के केसरिया रंग के छापे लगाये गये।इस अवसर पर मंदिर में विराजित प्रतिमाओं का आकर्षक श्रंगार किया गया। भगवान जन्म के कार्यक्रम की बोलियां लगाई गई जिसमे आरती की बोली का लाभ शिव कुमार दशमेंद्र लोढा,भगवान को पालने में बिठाने की बोली का लाभ दिलीप कुमार धर्मेंद्र कुमार वागमल ढाबरिया परिवार ,भगवान के पालना जी को घर ले जाने का लाभ मोहन लाल चंपालाल पिछौलिया परिवार, लक्ष्मी जी की बोली का लाभ केसर बाई बसंती लाल विजावत परिवार,भगवान जी के मुनीम बनने की बोली का लाभ मनोहर लाल नाथूलाल ओसवाल व मंगल दिवा का मुकेश कुमार केसरीमल पिछौलिया परिवार ने लिया।

बनाकिया कला भैरूजी मंदिर पर 9 सितंबर को विशेष जागरण का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। क्षैत्र के ग्राम बनाकिया कला में स्थित भेरुजी स्थान मंदिर पर प्रतिवर्ष की भांति सोमवार 9 सितंबर को विशेष जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। बनाकिया कला भेरुजी स्थान के पुजारी किशनलाल गाडरी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति भेरूजी मंदिर पर वर्ष में दो बार विशेष जागरण का भाद्रपद शुक्ल छठ एवं माघ शुक्ल पक्ष सातम को आयोजन होता है।जिसके अंतर्गत 7 सितंबर को मंदिर स्नान एवं 8 सितंबर को ढोल नगाड़ों के साथ मंदिर पर ध्वज एवं मूर्तियों पर वागा धारण उपरांत 9 सितंबर 2024 सोमवार को विशेष श्रृंगार,फूल पात्ती,थाल भोग के साथ जागरण जगाई जाएगी। जिसमें भक्तो एवं श्रद्धालुओ द्वारा विविध मनोरंजन के कार्यक्रमो का आयोजन किया जायेगा।

सोलर कनेक्शन हेतु कपासन के 18 उपभोक्ताओं का शिविर में पंजीयन किया

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। आमजन में सोलर जागरूकता के व्यापक प्रसार हेतु बुधवार को कनिष्ठ अभियंता कार्यालय पर सोलर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सहायक अभियंता विद्युत विभाग कपासन मुनीश कावंत ने बताया कि आमजन में सोलर जागरूकता बढ़ाने एवं प्रधानमंत्री सुर्यघर रूफ टॉप सोलर कनेक्शन की जानकारी आमजन को उपलब्ध कराने हेतु सोलर जागरूकता शिविर का प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक कनिष्ठ अभियंता कार्यालय कपासन पर आयोजन किया गया।जिसमे विभागीय अधिकारियों एवं कार्मिकों द्वारा आमजन को सोलर कनेक्शन संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

क्षेत्रीय विधायक जीनगर ने उप जिला चिकित्सालय सहित विभिन्न विकास कार्यों के निर्माण स्थलो का निरीक्षण किया

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार की ओर से की गई बजट घोषणाओं पर संबंधित विभागो द्वारा कार्यवाही प्रारंभ कर दी गयी है।जिसमे क्षेत्रीय विधायक जीनगर द्वारा प्रस्तावित उपजिला चिकित्सालय भवन स्थल आदि का निरीक्षण किया गया। भाजपा नगर मंडल महामंत्री अशोक विजयवर्गीय ने बताया कि राज्य की वित्तमंत्री दिया कुमारी द्वारा वर्ष 2024-25 बजट में कपासन नगर हेतु इंडोर स्टेडियम कन्या महाविद्यालय भवन तथा उपजिला चिकित्सालय भवन की घोषणा की गयी है।उक्त घोषणाओं को लेकर क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने उपखंड अधिकारी कपासन राजीव बडगुजर,नायब तहसीलदार राधाकृष्ण विजयवर्गीय,मुख्य ब्लॉक चिकित्साधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार शर्मा,भाजपा ग्रामीण मंडल

अध्यक्ष शंभूलाल जाट,ग्राम सेवा सहकारी सीमित कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नपा पार्षद नंदकिशोर टेलर, पंचायत सीमित सदस्य दिनेश पराशर,सरपंच प्रतिनिधि कैलाश अहीर सहित क्षेत्रीय चिकित्सा अधिकारियों के साथ उपजिला चिकित्सालय के प्रस्तावित भवन निर्माण स्थल का मंगलवार को निरीक्षण किया गया। साथ ही विधायक अर्जुनलाल जीनगर द्वारा विभागीय अधिकारियों को चिकित्सालय में खाली पड़ी जगह पर सर्वसुविधा युक्त भवन बनाने के निर्देश दिए गये। इधर ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन के अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ पार्षद नंदकिशोर टेलर ने बताया की उप जिला चिकित्सालय भवन में प्रयोगशाला प्रशासनिक भवन,चिकित्सक कक्ष एवं वार्डो के साथ मरीजों के परिजनों हेतु प्रतिक्षालय व चिकित्सक निवास बनाना प्रस्तावित है। विभागीय प्रारूपनुसार ग्राउंड फ्लोर के साथ प्रथम एवं द्वितीय फ्लोर बनाना प्रस्तावित है।इस दौरान विधायक जीनगर ने विभागीय अधिकारियों से कहाकि अगर पर्याप्त भूमि उपलब्ध है। तो ग्राउंड फ्लोर के साथ प्रथम फ्लोर तक सारी सुविधाओ से निर्माण करने के निर्देश दिए। विधायक अर्जुनलाल जीनगर द्वारा कन्या महाविद्यालय, इंडोर स्टेडियम एवं महात्मा गांधी उच्च प्राथमिक विद्यालय के भवनों के निर्माण स्थलो का अवलोकन किया गया।

बजरंग व्यायाम शाला के पहलवानों का कुश्ती में शानदार प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। 68 वे राज्य स्तरीय स्कूल अंडर 14 कुश्ती प्रतियोगिता में श्री बजरंग व्यायाम शाला के पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 स्वर्ण पदक एक रजत पदक अपने नाम किया। श्री बजरंग व्यायाम शाला के अध्यक्ष मादाराम चौधरी एव रविंद्र कुमार ने बताया कि पुरुष वर्ग में 38 किलोग्राम में राजवीर ने स्वर्ण पदक नवीन बोयत ने 41 किलोग्राम में स्वर्ण पदक 57 किलोग्राम में गौरव मीना ने स्वर्ण पदक 75 किलोग्राम में वेदांत पांडे ने स्वर्ण पदक 68 किलोग्राम में ध्रुव ने स्वर्ण पदक 52 किलो ग्राम में कुसाहल बोयत सिल्वर मेडल जीता। अखाड़े के गुरु अंतरराष्ट्रीय पहलवान एवं अंतर्राष्ट्रीय रेफरी रविंद्र कुमार ने बताया कि यह सभी पहलवान 2 घंटे सुबह 2 घंटे शाम को डेली अभ्यास करते हैं। श्री बजरंग व्यायाम शाला पहुंचने पर स्थानीय निवासी यों ने स्वागत किया चेतन पांडे हरदयाल गुर्जर प्रवीण शर्मा अमित शर्मा विनेंद्र यादव श्री बजरंग वयम शाला के सीनियर पहलवान अमित यादव अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी कबूल सिंह राष्ट्रीय खिलाड़ी अशोक पूनिया राष्ट्रीय पहलवान मोहन धाकड़ गगन चौधरी चमन सिंह विष्णु प्रजापत सुरेंद्र प्रजापत राकेश कैलाश जैन विजय जैन विक्की पार्थ इंद्रजीत शर्मा सभी उपस्थित रहे सभी ने पहलवानों को मिठाई खिलाकर महल माला पहनकर उज्जवल भविष्य की शुभकामना दी।

कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी कपासन को ज्ञापन सौंपा

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र कपासन में आवारा मवेशियों से आमजन की सुरक्षा के साथ शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने को लेकर राज्यपाल के नाम पर उपखंड अधिकारी कपासन को ज्ञापन सौंपा गया। प्रवक्ता विजय बारेगामा ने बताया कि नगर कांग्रेस अध्यक्ष शंकरलाल प्रजापत की अगुवाई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी कपासन राजीव बडगुजर को सौंपे ज्ञापन में बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में आवारा मवेशियों की वजह से आये दिन दुर्घटनाए होती रहती है।जिसमें कई लोग घायल हो चुके हैं।उक्त मवेशी प्रमुख मार्गो एवं बाजारों में विचरण करते एवं यही बैठे रहते है।जिससे हर समय दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।यहां आवारा मवेशियों को नगर पालिका द्वारा कपासन में स्थापित तीन गौशालाओं में भेजने की व्यवस्था एवं निजी मवेशियों के प्रतिनिधियों को पाबंद कर आमजन को राहत मिल सकेगी।गाय के बछड़ों एवं गायों के दुर्घटना में घायल होने पर शांतिपूर्ण माहौल बिगड़ने की आशंका बनी रहती है। इस दौरान पूर्व कांग्रेस नगर अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ पार्षद हाजी अब्दुल रहमान मंसूरी,सेवादल अध्यक्ष भवानीशंकर लोहार, नगर कांग्रेस उपाध्यक्ष सूर्यप्रकाश सिरोया,हरीश जायसवाल,पूर्व जिला सचिव मांगीलाल बेरवा,पूर्व महासचिव घनश्याम बारेगामा,महासचिव गुड्डू खान,पूर्व प्रवक्ता मधुसूदन कुमावत,पार्षद रोशन सोनी,महासचिव भावेश झंवर,सचिव अमित मोदी,युवा नेता रवि सोनी, अंकित वैष्णव,गोपीलाल गुर्जर, सत्यनारायण सेन, मोहम्मद इलियास मेवाती,सुभाष शर्मा,पन्नालाल बारेगामा,हनीफ मोहम्मद,कांग्रेस कार्यकर्ता गोविंद सिंह सिरोया,यासुब अली,प्रिंस वैष्णव,शुभम त्रिपाठी,चंदन बारेगामा,अशोक लोहार,विनय खटीक आदि कांग्रेस कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

अस्थायी आतिशबाजी अनुज्ञापत्र के लिए 20 सितम्बर तक करें आवेदन

बढ़ता राजस्थान

झालावाड़ (नि.स.)। विस्फोटक नियम, 2008 एवं संशोधित नियम 2019 के अनुसार दीपावली पर्व के अवसर पर ग्रीन आतिशबाजी विक्रय हेतु अस्थायी आतिशबाजी अनुज्ञापत्र के लिए निर्धारित आवेदन पत्र 20 सितम्बर, 2024 तक आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदकों को आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कर आवेदन पत्र कार्यालय जिला कलक्टर झालावाड़ में प्रस्तुत करने होंगे। जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि ग्रीन आतिशबाजी विक्रय हेतु अस्थायी आतिशबाजी अनुज्ञापत्र के लिए आवेदन पत्र के साथ दो नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो, निवास संबंधी प्रमाण हेतु आधार कार्ड की फोटो प्रति, सादा कागज पर स्वयं द्वारा प्रमाणित शपथ-पत्र जिसमें राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर इस संबंध में जारी निर्देशों की पालना किए जाने हेतु वचनबद्ध हो देना होगा। साथ ही आवेदक को केवल ग्रीन आतिशबाजी विक्रय करने तथा प्रत्येक आतिशबाजी के बॉक्स पर नीरी द्वारा जारी किए गए।

पुलिस विभाग के सेवानिवृत कर्मियों ने आरजीएस सहित अन्य मांगों के समर्थन में कलेक्ट्रेट पर दिया धरना

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। राजस्थान पेंशनर समाज, कोटा के आह्वान पर पुलिस विभाग के सेवानिवृत्त कार्मिकों ने भी बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट पर आरजीएस के अंतर्गत सुविधा बहाल करने, कम्युटेशन राशि की वसूली 15 वर्ष के स्थान पर केवल 10 वर्ष 8 माह तक सीमित किए जाने, कोरोनाकाल में रोकी गई महंगाई भत्ते की 18 मैश की राशि का एकमुश्त भुगतान सहित अन्य मांगों के समर्थन में एक दिवसीय धरना दिया।

सभी कार्मिक जिला अध्यक्ष तेजराज सिंह के नेतृत्व में जुलूस के रूप में सर्किट हाउस से रवाना होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे और धरने में सम्मिलित हुए। संगठन के संभागीय अध्यक्ष नवनीत महर्षि ने राज्य सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों की आलोचना करते हुए चेताया कि यदि शीघ्र ही यह सुविधाएं बहाल नहीं की गई तो कोटा का पेंशनर समाज विरोध स्वरूप सड़कों पर उतरेगा।

धरने में जिला संगठन के संरक्षक चंद्र सिंह आमेरा, उपाध्यक्ष भंवर सिंह हाडा, महासचिव के.के. शर्मा, सलाहकार अतहर खान, सूरजभान सिंह, जलालुद्दीन, बृज मोहन महावर, अब्दुल खालिक सहित सैकड़ो कर्मचारी शामिल हुए।

विधायक जीनगर ने 28 लाख की सहायता राशि के स्वीकृत पत्र किसानों के परिजनों को दिए

बढ़ता राजस्थान

कपासन (नि.स.)। कृषि उपज मंडी सीमित की ओर से क्षैत्र में कृषि कार्य के दौरान मृत्यु हुवे किसानों के परिवारों को 28 लाख की सहायता राशि स्वीकृत की गयी।विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने कृषि उपज मंडी कपासन कार्यालय के प्रांगण में मंगलवार सांय 14 प्रकरणों के तहत प्रत्येक को 2 लाख रुपए की सहायता राशि के स्वीकृत पत्र किसानों के परिजनों को दिये। इस अवसर पर मंडी सचिव पंकज पारख,भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज सिरोया,महामंत्री व पार्षद अशोक विजयवर्गीय,ग्राम सेवा सहकारी सीमित कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नपा पार्षद नंदकिशोर टेलर,सरपंच विष्णु हेड़ा,कैलाश अहीर, दिनेश पराशर,ओमप्रकाश मूंदड़ा,दिनेश जाजू अशोक काबरा,महेश चाष्टा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शिक्षकों का किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का.स.)। नेत्रदानी देहदानी स्वर्गीय अमिता भार्गव स्मृति संस्थान कोटा की ओर से महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय रामपुरा में 48 शिक्षकों का सम्मान किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य घनश्याम वर्मा ने बताया कि विद्यालय की पूर्व अध्यापिका देहदानी नेत्र दानी स्वर्गीय अमिता भार्गव स्मृति संस्थान एवं आनंद अकादमी स्कूल शाला परिवार की ओर से विद्यालय में 48 अध्यापक अध्यापिकाओं का शिक्षक दिवस के पूर्व सम्मान किया। इस समारोह की अध्यक्षता मधु वर्मा मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने की। भार्गव ने बताया कि भार्गव की स्मृति में प्रति माह सामाजिक कार्य किए जाते हैं आज 6 माह पूर्व होने पर जिस विद्यालय में वह कार्यरत थी उसमें कार्यरत अध्यापक एवं अध्यापिकाओं एवं समस्त स्टाफ को शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन जगदीश कुमार पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी ने

किया। गया समाहरो में मधु वर्मा, घनश्याम वर्मा , प्रदीप भार्गव, आकाश भार्गव निदेशक आनंद अकेडमी ग्रुप, नगीना शाहीन, रमेश विजय, यज्ञ दत्त हाडा, भुवनेश शर्मा, पंकज शर्मा, डॉ राजेंद्र बैरागी ने अपने विचार रखें और स्वर्गीय भार्गव के बारे में अपने विचार व्यक्त किए । मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मधु वर्मा जी ने भार्गव परिवार द्वारा किए गए इस पुनीत और सम्मानजनक कार्य की सराहना की। समारोह में मधु वर्मा, घनश्याम वर्मा, नगीना शाहीन, मुकेश खंडेलवाल, हिमानी जैन, डॉक्टर राजेंद्र बैरागी, नीरज राणावत, जयकुमार जैन, रीना मीणा, संगीता दाधीच, रूपल गुप्ता, मेहर अफरोज ,हसन रफीक, संजय शर्मा, मनोज गोस्वामी, संतोष मीणा, प्रीति नाथावत ,मनोज मंडावर, उषा शर्मा, लक्ष्मी बरफा,राकेश खानपुरिया ,ओम प्रकाश अग्रवाल ,राहुल बाटला ,दिलीप सिंह राजावत एवं अन्य सभी शिक्षकों का एवं कर्मचारियों का एवं खेल अधिकारियों का सम्मान किया गया।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान

शिक्षक दिवस पर विधान सभा अध्यक्ष देवनानी की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं

राष्ट्र के भविष्य के पथ प्रदर्शक बने शिक्षक : वासुदेव देवनानी

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शिक्षक दिवस (5 सितम्बर) के अवसर पर प्रदेश के शिक्षकों का आह्वान किया है कि वे तनाव मुक्त, नशा मुक्त और नारी के प्रति सम्मान के संस्कारों को सिखाने के साथ युवा पीढी को आदर्श जीवन जीने की राह दिखाने वाले पथ प्रदर्शक बनें। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिवेश में युवाओं में श्रेष्ठ नागरिक के गुणों के भाव बचपन से ही पैदा करने होंगे, ताकि युवा पीढी अच्छे-बुरे और सही-गलत का अर्थ समझ सके और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी के लिए तैयार हो सके। स्पीकर देवनानी ने शिक्षक दिवस पर प्रदेश के शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि शिक्षा मानव जीवन के लिए आवश्यक है और विकास का मूल आधार भी शिक्षा है। ऐसी स्थिति में शिक्षकों का दायित्व राष्ट्र के प्रति और अधिक बढ जाता है। उन्होंने कहा कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर मनाये जाने वाला शिक्षक दिवस शिक्षक, विद्यार्थियों और सम्पूर्ण समाज के लिए महत्वपूर्ण है। यह दिवस प्रत्येक व्यक्ति द्वारा शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करने का भी दिवस है। देवनानी ने शिक्षकों से अनुरोध किया कि वे देश के भविष्य युवा पीढी के व्यक्तित्व और चरित्र का निर्माण कर उनके पथ प्रदर्शक बने। विद्यार्थियों के उचित मार्ग दर्शन से ही उनका भविष्य उज्ज्वल बनाया जा सकता है। भारतीय संस्कृति में शिक्षक और शिक्षक दिवस का विशेष महत्व है। हमारी संस्कृति में गुरुजन को हमेशा से भगवान और माता-पिता के तुल्य स्थान दिया जाता है। भारत की प्रगति में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिये युवाओं में राष्ट्र प्रथम की भावना का विकास करना होगा। उनमें नैतिकता और संस्कारों का भी समावेश करना होगा। देवनानी ने कहा कि समाज के बदलते परिवेश में शिक्षक और विद्यार्थी का संवाद बढाना होगा। इससे दोनों के मध्य आपसी विश्वास बढ़ सकेगा। वि ?द्यार्थियों में अनुशासन और सामजिक जिम्मेदारियों का भी विकास होना आवश्यक है। शिक्षकों को मन की बात बोलने का मौका युवा पीढी को देना होगा और शिक्षकों को युवा की बात धैर्य से सुनकर उन्हें सही-गलत का आंकलन भी सिखाना होगा।

पशु परिचरों की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी : जोराराम कुमावत

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। पशु परिचरों की भर्ती के लिए पशुपालन और गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने पाठ्यक्रम को अपनी मंजूरी प्रदान कर भर्ती प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। पशुपालन एवं गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत, ने राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष मेजर जनरल आलोक राज सहित पशुपालन विभाग के अधिकारियों के साथ इस संबंध में बैठक की। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लंबित इस भर्ती प्रक्रिया के कारण पशुपालकों को परेशानी का सामना करना पड रहा है साथ ही पशु चिकित्सा उपकेंद्रों पर भी मानव श्रम की कमी से पशुओं की चिकित्सा में मुश्किल आती है। पशु परिचरों की भर्ती से पशुपालक लाभान्वित होंगे तथा क्षेत्रवासियों को सुविधा मिल सकेगी। उल्लेखनीय है कि पशु परिचर के लगभग 6000 पदों के लिए आवेदन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब इसकी प्रवेश परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम निर्धारण होना था जिसे आज पशुपालन मंत्री ने अपनी मंजूरी प्रदान कर दी। बैठक में विकास सीताराम भाले प्रमुख शासन सचिव, पशुपालन विभाग, डॉ भवानी सिंह राठौड़ निदेशक, पशुपालन विभाग, डॉ आनंद सेजरा मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड, श्रीमती शालिनी शर्मा निदेशक, गोपालन विभाग सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

परिवर्तित बजट 2024-25 की घोषणाओं की समीक्षा बैठक

बजटीय घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन हो सुनिश्चित अधिकारी समर्पण एवं निष्ठा भाव के साथ करें कार्य : सीएम शर्मा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों को बजटीय घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी समर्पण-निष्ठा के साथ राज्य सरकार की घोषणाओं एवं लक्ष्यों को तय समय में पूरा करें। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में परिवर्तित बजट वर्ष 2024-25 की घोषणाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गुड गवर्नेंस का मॉडल स्थापित करके आमजन की सेवा करना राज्य सरकार का प्रमुख ध्येय है। बजटीय घोषणाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर कार्यवाही लंबित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि घोषणाओं के क्रियान्वयन में आने वाली व्यावहारिक बाधाओं को चिन्हित कर उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने सरिस्का, रणथम्भौर एवं चंबल घड़ियाल अभ्यारण्य, कोटा का ईको सेंसेटिव जोन के रूप में चिन्हिकरण कर मास्टर प्लान बनाने, मेडिकल कॉलेजेज में हिन्दी माध्यम से शिक्षा प्रदान करने, ऊर्जा उत्पादन के लिए निजी क्षेत्र को अधिक प्रोत्साहन देते हुए कैप्टिव पावर उत्पादन की सीमा को 200 प्रतिशत करने, स्टेट कैरिज वाहनों के लिए उप नगरीय श्रेणी के 40 नए मार्ग बनाने आदि बजट घोषणाओं की समीक्षा कर उचित दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने नगरीय विकास विभाग को जयपुर मैट्रो का विस्तार के लिए ज्वॉइंट वेंचर कंपनी पर शीघ्र कार्य करने के निर्देश दिए।

खुले बोरवेल पर हो सख्त कार्रवाई : मुख्यमंत्री ने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग को प्रदेश में खुले बोरवेल रखने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खुले बोरवेल से जनहानि का खतरा रहता है। ऐसी कई घटनाएं प्रदेश के कई अंचलों में हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के लिए विभागीय दल नियमित निरीक्षण करें और खुले बोरवेल रखने वालों पर सख्त कार्रवाई करें। विभागीय शासन सचिव समित शर्मा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि खुले बोरवेल पर निगरानी एवं कार्रवाई करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल विकसित किया जा रहा है। शर्मा ने वित्त विभाग को स्मार्ट सिस्टम के अंतर्गत ऑटोमेटेड सर्विस डिलिवरी सुविधा शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि इस सिस्टम के माध्यम से आमजन को 25 सेवाएं 24 घण्टों की सीमा में उपलब्ध करवायी जाएगी। उन्होंने सफाई कर्मचारियों के लिए आरजीएचएस के अंतर्गत लंग्स, किडनी एवं स्किन आदि से संबंधित बीमारियों से संबंधित नि:शुल्क विशेष पैकेज शीघ्र शुरू करने के निर्देश दिए। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में औद्योगिक निवेश का अनुकूल माहौल बनाने के लिए कार्य कर रही है। ऊर्जा भण्डारण नीति-2024 एवं नई पर्यटन नीति के साथ-साथ बजट में भी अन्य कई महत्वपूर्ण नीतियों की घोषणा की गई है। 9 से 11 दिसम्बर तक जयपुर में आयोजित होने जा रही 'राइजिंग राजस्थान' समिट के परिप्रेक्ष्य में इन नीतियों को शीघ्र ही अंतिम रूप प्रदान किया जाए। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल एवं प्रमुख शासन सचिव आलोक गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव, शासन सचिव एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

आरपीएससस में नौजवानों के साथ छलावा होता है, पेपर बनाने और इंटरव्यू लेने वाले रिश्वत लेते पकड़े जा रहे : पायलट

बढ़ता राजस्थान

दौसा (नि.स.)। पूर्व उप मुख्यमंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने कहा- राज्य में भाजपा की सरकार बने 9-10 महीने हो गए। आज आरपीएससी में जो हाल है, नौजवान परीक्षा देते हैं, उनके साथ छलावा होता है। जो लोग चयन प्रक्रिया में बैठकर पूरे संसाधन को संभालते हैं और वो ही चोरी कर रहे हैं और पकड़े जा रहे हैं तो फिर जनता की आस्था कहां पर रहेगी। पायलट ने बुधवार को महवा क्षेत्र के सिकंदरपुर में बाबू महाराज के मेले में लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। पायलट ने कहा- जो लोग पेपर बनाते हैं, परीक्षा और इंटरव्यू लेते हैं। अगर वही रिश्वत लेते हुए पकड़े जा रहे हैं, जेलों में जा रहे हैं। ऐसे में नौजवानों का विश्वास कैसे रहेगा। मैंने व्यवस्था के ऊपर सवाल उठाए थे।मेरी किसी से व्यक्तिगत लड़ाई नहीं है, लेकिन जो व्यवस्था बिगड़ गई है, उसे सुधारना पड़ेगा। मैंने हर समय बोला कि नौजवान बच्चे-बच्चियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का हक किसी को नहीं है। वह किसी भी दल या पार्टी का नेता, कर्मचारी-अधिकारी ही क्यों न हो। धन्ना सेठों के नहीं, गरीब परिवारों के बच्चे देते हैं परीक्षा : पायलट ने कहा- परीक्षा में पैसे लेकर पेपर बेचोगे, पेपर लीक कराओगे, इंटरव्यू के लिए रिश्वत लोगे, बेईमानी फैलाओगे। लाखों बच्चे तैयारी करते हैं, उनके मां-बाप पेट काटकर ट्यूशन की फीस जमा कराते हैं। कोचिंग कराते हैं, हॉस्टल में भर्ती कराते हैं। बच्चे शहरों में रहकर कई साल तक मेहनत करते हैं और परीक्षा देने पर पता चलता है कि पेपर लीक हो गया, कैंसिल हो गया। तब उन गरीब परिवारों पर क्या बीतती होगी। पायलट ने कहा कि बड़े-बड़े धन्ना सेठों के बच्चे परीक्षा नहीं देते हैं। परीक्षा सिर्फ गांवों के गरीब किसान, एसटी-एससी और ओबीसी के परिवारों के बच्चे ही देते हैं। गांवों के बच्चे मेहनत करते हैं कि फौज में नौकरी करेंगे, लेकिन बड़े दुख की बात है कि केंद्र सरकार ने उसको समाप्त कर युवाओं के हितों पर कुठाराघात किया है।

अनुशासनहीनता दिखाने पर कल्याण नहीं होगा : सचिन पायलट ने कहा- लोकसभा चुनाव में जनता ने कांग्रेस को आशीर्वाद दिया। पार्टी के प्रत्याशियों को भारी बहुमत से जिताकर लोकसभा भेजा। यह आप सब जनता जनार्दन के आशीर्वाद से ही संभव हुआ। अभी रास्ते में अनेक जगह स्वागत सत्कार किए। मैंने शहीद की प्रतिमा का अनावरण किया। यह सब उत्साह हमको बहुत ताकत देता है। उन्होंने कहा- जब तक हम सभी साथी अनुशासन में काम नहीं करेंगे, एक दूसरे का मान सम्मान नहीं करेंगे, बात नहीं सुनेंगे और अनुशासनहीनता दिखाएंगे तो किसी का कल्याण होने वाला नहीं है। हम सबको सभ्यता, समझदारी, संयम और अनुशासन के साथ आगे बढ़ना होगा। राजनीति में जनता का समर्थन सबसे बड़ी ताकत होती है। समर्थन दिखाने का भी समय और तरीका होता है। बड़ी तादाद में सब लोग यहां आए हो तो यह आपके प्यार और उत्साह को दिखाता है।

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2024

राज्यवर्धन राठौड़ की स्विट्जरलैंड यात्रा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के तहत उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने हाल ही में स्विट्जरलैंड का दौरा कर स्विस कंपनियों को राजस्थान में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। 26 से 28 अगस्त के बीच हुई तीन दिवसीय यात्रा में राठौड़ की कई स्विस कंपनियों के साथ उपयोगी चर्चा हुई, जिनमें कुछ इलेक्ट्रोमोबिलिटी और बायोफार्मा कंपनियां भी शामिल थीं। इन बैठकों के दौरान Furrer+Frey और Schwihag जैसी रेल विद्युतीकरण और मैन्यूफैक्चरिंग से जुड़ी कंपनियों ने राजस्थान में रेल लाइन के आसपास वाले इलाकों में कम-से-कम 20 एकड़ जमीन की मांग भी रखी, ताकि वो प्रदेश में निवेश करने पर विचार कर सकें।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने बताया कि कई स्विस कंपनियां राजस्थान को निवेश के दृष्टिकोण से सबसे अच्छे राज्यों में से एक मानती हैं। राजस्थान कम-से-कम लागत पर व्यापार को सुगम बनाना चाहता है और भूमि तथा अन्य बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्प है, ताकि व्यापार करने की सुगमता और बढ़े। राजस्थान में निवेश करने का यह बिलकुल सही समय है। सरकार के पास कोई भी निवेश संबंधित निर्णय या फाइल लंबित नहीं रहेगी और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उद्योग जगत अपने कारोबार को यथासंभव तेज गति से विस्तारित कर सकें। राठौड़ की यात्रा इस दृष्टि से महत्वपूर्ण है कि भारत ने इस साल मार्च में यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) के देशों, जिसका स्विट्जरलैंड एक प्रमुख स्तंभ है, के साथ ट्रेड एंड इकनोमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। अपनी यात्रा के दौरान कर्नल राठौड़ ने रेल विद्युतीकरण और मैन्यूफैक्चरिंग, बायोफार्मा, कृषि प्रसंस्करण, माल परिवहन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सहित कई अन्य कंपनियों के अधिकारियों से मुलाकात की।

केंद्रीय गृह मंत्री की उपस्थिति में त्रिपुरा के दो अलगाववादी संगठनों से समझौता

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में बुधवार को नई दिल्ली में भारत सरकार, त्रिपुरा सरकार, नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) के प्रतिनिधियों के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए।

समझौते पर हस्ताक्षर के दौरान त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, गृह मंत्रालय और त्रिपुरा सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और दोनों संगठनों के नेता उपस्थित रहे। इस अवसर पर केन्द्रीय गृहमंत्री ने कहा कि आज के समझौते के साथ ही दोनों संगठनों के 328 कार्यकर्ता मुख्यधारा में शामिल होंगे।

उन्होंने विश्वास दिलाया कि केन्द्र सरकार समझौते का अक्षरश: पालन सुनिश्चित करेगी। सरकार क्षेत्र के विकास और अलगाव के कारणों को जड़ से मिटाने की दिशा में काम करेगी। सरकार ने क्षेत्र के विकास के लिए 2500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इससे आदिवासी क्षेत्र का विकास होगा।

पीएम मोदी सिंगापुर पहुंचे, ढोल बजाया : भारतवंशी महिला ने राखी बांधी

ब्रुनेई में चीन का नाम लिए बिना कहा था- भारत विस्तारवाद के खिलाफ

बढ़ता राजस्थान

सिंगापुर (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रुनेई के दौरे के बाद 2 दिन की यात्रा पर बुधवार को सिंगापुर पहुंचे। यहां प्रधानमंत्री लॉरेंस वॉन्ग ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस मुलाकात के बाद दोनों नेताओं ने डिनर भी किया, जिसे प्रधानमंत्री वॉन्ग ने पीएम मोदी के सम्मान में होस्ट किया।

इससे पहले सिंगापुर शहर पहुंचे मोदी का भारतीय समुदाय के लोगों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान पीएम मोदी ने ढोल भी बजाया। मोदी के स्वागत में पहुंचे कलाकार ढोल की धुन पर नृत्य करते नजर आए। लोगों ने पीएम मोदी को भगवा रंग का गमछा भेंट किया।

सिंगापुर के जिस होटल में वे ठहरे हैं, उसके बाहर भी भारतीय समुदाय के लोग उनके स्वागत के लिए मौजूद रहे। लोगों ने पीएम मोदी के साथ सेल्फी भी ली।

उन्होंने रामचंद्र की जय और गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगाए। इस दौरान एक महिला ने उन्हें राखी भी बांधी। सिंगापुर यात्रा के दौरान मोदी राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम समेत कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे। पीएम मोदी सिंगापुर के कारोबारी समुदाय के नेताओं से भी मिलेंगे।

सबसे बड़े महल इस्ताना नुरुल इमान में मोदी का स्वागत

इससे पहले बुधवार को पीएम ने ब्रुनेई सुल्तान बोल्कैया के साथ द्विपक्षीय बैठक की। दोनों नेताओं के बीच रक्षा, व्यापार, शिक्षा, तकनीक और स्वास्थ्य जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। डेलीगेशन लेवल की बैठक के बाद भारत और ब्रुनेई के बीच स्ख भी साइन हुए। उन्होंने बंदर सेरी बेगवान और चेन्नई के बीच सीधी फ्लाइट शुरू करने के फैसले का स्वागत किया।

इसके अलावा दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी बातचीत की। इस दौरान उन्होंने एशियन देशों के विकास के लिए काम करने पर सहमति जताई। ब्रुनेई के सुल्तान ने पीएम मोदी के सम्मान में दुनिया के सबसे बड़े महल इस्ताना नुरुल इमान में लंच भी होस्ट किया।

पीएम मोदी ने कहा, ब्रुनेई में मेरा गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया, जिसके लिए मैं शाही परिवार को धन्यवाद देता हूं। यह किसी भारतीय पीएम की ब्रुनेई की पहली द्विपक्षीय यात्रा है।

आंध्र प्रदेश में बारिश व बाढ़ से अब तक 20 लोगों की मौत, 6.44 लाख लोग प्रभावित

बढ़ता राजस्थान

अमरावती (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश में भारी बारिश और बाढ़ के कारण अब तक 20 लोगों की मौत हो चुकी है। एनटीआर जिले में सर्वाधिक 12, गुंटूर जिले में 07 और पालनाडु जिले में एक व्यक्ति की मौत हुई है।

राज्यभर में बारिश और बाढ़ से 6.44 लाख लोग प्रभावित हुए हैं, जबकि 1.69 लाख एकड़ की फसल और 18,424 एकड़ बागवानी फसल क्षतिग्रस्त हो गई। मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से फोन पर बात कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने का अनुरोध किया है। नायडू ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के प्रत्येक परिवार को आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बाढ़ से प्रभावित प्रत्येक परिवार को 25 किलो चावल, एक लीटर खाद्य तेल, 2 किलो प्याज, 2 किलो आलू और 1 किलो चीनी उपलब्ध करवाने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि विजयवाड़ा शहर में मोबाइल किसान बाजार स्थापित किए जाएं और पीड़ितों को कम कीमत पर सब्जियां उपलब्ध कराई जाएं।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में बाढ़ से 1,69,370 एकड़ फसल और 18,424 एकड़ बागवानी फसल क्षतिग्रस्त हो गई। करीब 2.34 लाख किसानों को नुकसान हुआ है। 60 हजार मुर्गियां और 222 मवेशियों की जान गयी है। बाढ़ के कारण 22 सबस्टेशन और 3,312 किमी सड़कें क्षतिग्रस्त हो गयी हैं। 78 तालाबों और नहरों में पानी भर गया।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।

उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com